'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समाचार गेट

TITLE CODE : HARHIN11569

वर्ष 01, अंक 166 पृष्ठ 08 मूल्य 01 रुपए रविवार, 01 सितंबर 2024 samachargate@gmail.com

कनीना कोर्ट में 14 को आयोजित होगी राष्ट्रीय लोक अदालत : सुनील यादव





## हरियाणा में अब 5 अक्टूबर को होगा चुनाव, 8 को घोषित होंगे परिणाम

### चुनाव आयोग ने बदलीं तारीखें

पहले यह वोटिंग 1 अक्टूबर को होना प्रस्तावित की गई थी।

छुट्टियों के चलते वोटिंग प्रतिशत कम होने की थी आशंका

तारीख बदलने को लेकर भाजपा ने आयोग को लिखा था पत्र।




समाचार गेट ब्यूरो

**नई दिल्ली।** हरियाणा में 5 अक्टूबर को विधानसभा के लिए मतदान होगा। परिणाम 8 अक्टूबर को घोषित किए जाएंगे। भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) ने हरियाणा के लिए मतदान दिवस को 1 अक्टूबर से 5 अक्टूबर, 2024 तक संशोधित किया है। इसके अनुसार जम्मू-कश्मीर और हरियाणा विधानसभा चुनावों के लिए मतगणना दिवस को 4 अक्टूबर से 8 अक्टूबर, 2024 तक संशोधित किया है। चुनाव आयोग के हवाले से जानकारी देते हुए बताया कि यह निर्णय बिश्नोई समुदाय के मतदान के अधिकार और परंपराओं दोनों का सम्मान करने के लिए लिया गया है, जिन्होंने अपने गुरु जम्भेश्वर की याद में आसोज अमावस्या उत्सव समारोह में भाग लेने की सदियों पुरानी प्रथा को बरकरार रखा है।

## शपथ बाद में लूंगा पहले 24000 भर्तियों की ज्वाइनिंग दूंग : मुख्यमंत्री

समाचार गेट ब्यूरो

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पंचकूला में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कांग्रेस सरकार के झूठ का पर्दाफाश किया। नायब सिंह सैनी ने कहा कि भर्ती रोको गैंग ने युवाओं का भविष्य खराब किया है। हम भर्ती करने वाले थे, लेकिन भूपेंद्र हुड्डा और रणदीप सुरजेवाला के कांग्रेस नेता जयराम रमेश चुनाव आयोग के पास चले गए और सभी भर्तियां रुकवा दी। 24 हजार युवाओं की भर्तियां हमारे पास तैयार हैं, सिर्फ रिजल्ट घोषित करना बाकी है। जयराम रमेश चुनाव आयोग से अपनी शिकायत वापस लेते हैं और आयोग मंजूरी देता है तो हम तुरंत 24 हजार नौकरियां दे देंगे।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि आज मैं हरियाणा के युवाओं से वादा करता हूं कि चुनाव का रिजल्ट आएगा तो मैं मुख्यमंत्री पद की शपथ बाद में लूंगा पहले 24000 भर्तियों की ज्वाइनिंग दूंगा। जब युवा नौकरी लग जाएंगे उसके बाद ही शपथ लूंगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि भूपेंद्र और दीपेंद्र हुड्डा भाजपा से हिसाब मांग रहें हैं, लेकिन इनका खुद का हिसाब कहां है पता नहीं।



कांग्रेस ने तो अपने 10 साल के कार्यकाल में हरियाणा के विकास पर फुल स्टॉप लगा दिया था, लेकिन भाजपा ने नॉन स्टॉप विकास किया। मेरे 51 दिनों के कार्यकाल में हमने 126 ऐसे बड़े निर्णय लिए जिनका लाभ जनता ले रही है। युवाओं को नौकरी भी दी। जो भी निर्णय लिया उसे कैबिनेट में पास करवाया,पक्का काम किया। लेकिन हुड्डा एंड पार्टी प्रदेश में दुष्प्रचार कर रही है कि भाजपा ने 10 साल के कार्यकाल में कुछ नहीं किया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि कांग्रेस के तो डीएनए में ही झूठ है। झूठ की स्क्रिप्ट राहल गांधी लिखते हैं और उस स्क्रिप्ट को फैलाने का काम हुड्डा, सैलजा, रणदीप सुरजेवाला और कई बड़े नेता करते हैं। सैनी ने कहा कि जब भाजपा ने कांग्रेस से जो 10 सवाल पूछे, तो कांग्रेस ने जवाब देने की जगह इधर-उधर की बातें शुरू कर दी। भाजपा ने भूपेंद्र सिंह हुड्डा से जो सवाल किए हैं और उनके जवाब की जनता प्रतीक्षा कर रही है। अगर वे सभी सवालों के जवाब नहीं दे सकते, तो कम से कम चार-पांच सवालों के जवाब जरूर दें। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कांग्रेस का काम है आगे दौड़, पीछे छोड़, झूठ बोलकर भाग जाओ।

**कांग्रेस धारा 370 और 35 ए वापस करने का समर्थन कर रही**

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जम्मू-कश्मीर के संदर्भ में कहा कि कांग्रेस ने नेशनल कॉन्फ्रेंस के साथ समझौता किया है, जिसके तहत कांग्रेस पार्टी ने धारा 370 और 35ए को पुन: लागू करने की बात की है। उन्होंने कहा कि यह गंभीर मुद्दा है, जो जम्मू-कश्मीर को आतंकवाद और अस्थिरता के युग में वापस धकेलने का प्रयास है। नायब सिंह सैनी ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी और भूपेंद्र सिंह हुड्डा जैसे कांग्रेस के नेता इस समझौते का समर्थन कर रहे हैं, जिससे स्पष्ट होता है कि कांग्रेस ने जम्मू-कश्मीर में भारत की एकता और अखंडता के खिलाफ खड़ा होने का निर्णय लिया है। उन्होंने कांग्रेस पर यह भी आरोप लगाया कि उनकी योजनाएं जम्मू-कश्मीर को फिर से अस्थिरता की ओर ले जाएंगी और यह विकास और शांति के रास्ते पर एक बड़ा अवरोधक होगी।

**भाजपा ने 1 लाख 45 हजार नौकरियां दी**

भूपेंद्र सिंह ने भाजपा सरकार पर काम न करने का आरोप लगाया, जबकि वे उसी सड़क पर चल रहे थे और उसे ठीक से देख नहीं पा रहे थे। कांग्रेस की सरकार के 10 वर्षों में 80 हजार नौकरियों का दावा किया गया था, जो पर्ची और खर्ची के माध्यम से दी गई थीं। हुड्डा ने नौकरियां रेवड़ियों की तरह बांटी, उनके खास लोगों और नेताओं के बच्चों को नौकरी दी गई। लेकिन भाजपा सरकार ने बिना किसी पर्ची या खर्ची के 1 लाख 45 हजार नौकरियों देने का काम किया है। भाजपा और कांग्रेस की सरकार में यह बड़ा अंतर स्पष्ट देखा जा सकता है। कांग्रेस के 10 वर्षों की तुलना में भाजपा सरकार ने लगातार काम किया है, लेकिन कांग्रेस झूठ बोलने का काम कर रही है और दुष्प्रचार फैला रही है।

## हम जींद की धरती से विजयी होकर फिर तीसरी बार हरियाणा में भाजपा की सरकार बनाएंगे: संजय भाटिया

भारतीय जनता पार्टी अपने दस साल के काम-काज के आधार पर मांगेगी वोट

हुड्डा के राज में दो-दो रुपए के चेक मिलते थे, नौकरियों की सरेआम बोलियां लगती थी, तबादलों में खुले आम पैसों का लेन-देन होता था, सीएलयू के नाम पर लोगों को लूटा जाता था




समाचार गेट ब्यूरो

**चंडीगढ़।** भाजपा के पूर्व सांसद एवं वरिष्ठ नेता संजय भाटिया ने कहा है कि भाजपा विधानसभा चुनाव अपनी सरकार की 10 साल की उपलब्धियां के आधार पर लड़ेगी। उन्होंने भाजपा के तीसरी बार सत्ता में आने का दावा करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव में भले ही भाजपा पांच सीटों पर चुनाव हारी हो, लेकिन भाजपा ने 46 विधानसभा सीटों पर जीत दर्ज की थी। संजय भाटिया आज जींद में पत्रकारों के साथ बातचीत कर रहे थे। इस अवसर पर उनके साथ जींद के विधायक डॉ कृष्ण मिड्ढा, पार्टी के वरिष्ठ नेता जवाहर सैनी, जिला प्रभारी डॉ मदन लाल, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मीडिया सहप्रभारी अशोक छाबड़ा, भाजपा के जिला अध्यक्ष तेजेंद्र ढूल, अमरपाल राणा, भाजपा के जिला मंत्री डॉ राज सैनी, जींद नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष सुनील कुमार, भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी मनीष गोयल मुख्य रूप से मौजूद थे।

संजय भाटिया ने कहा कि कांग्रेस एक ऐसा काम बताएं जिसके कारण प्रदेश के लोग उसे फिर से सत्ता में लाने की बात सोचें। उन्होंने कहा कि किसानों को फसलों के खराबे के मुआवजे के रूप में भूपेंद्र सिंह हुड्डा के राज में दो-दो रुपए के चेक मिलते थे।

नौकरियों की सरेआम बोलियां लगती थीं। तबादलों में खुले आम पैसों का लेन-देन होता था। सीएलयू के नाम पर लोगों को लूटा जाता था, लेकिन पिछले 10 सालों में हरियाणा का समान विकास हुआ है और अब नौकरियां नीलामी से नहीं, बल्कि योग्यता से मिलती हैं। ग्रुप ए बी और सी की नौकरी के मामले में पूर्व सांसद ने कहा कि भर्ती रोको गैंग ने नौकरियों को रोकने का काम किया है और यह युवाओं के हितों पर कुठाराघात है।

संजय भाटिया ने कहा कि आज बुजुर्गों की पेंशन अपने आप बन जाती है और सीधी उसके खाते में आती है। दलितों पर अत्याचार मिर्चपुर और गोहाना जैसे कांड कांग्रेस शासन में हुए हैं। संजय भाटिया ने कहा कि कांग्रेस के राज में किसी भी कार्य के लिए सफेद कुर्ते वालों की परिक्रमा करनी पड़ती थी, लेकिन आज किसी भी काम के लिए किसी नेता के पास धक्के खाने की जरूरत नहीं पड़ती।

**नायब सैनी और मोहनलाल बडोली की जींद रैली आज**

संजय भाटिया ने रैली का न्यौता देते हुए कहा कि एक सितंबर को हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष मोहनलाल बडोली जींद में जन आशीर्वाद रैली को संबोधित करेंगे। उन्होंने कहा कि इस रैली में कुछ और नेताओं के भी आने की संभावना है तथा इस रैली में कई पूर्व विधायक और वरिष्ठ नेता भाजपा में शामिल होंगे।

**संजय भाटिया भूपेंद्र हुड्डा पर जमकर बरसे**

संजय भाटिया ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा पर आरोप लगाया कि उन्होंने अपने बेटे के भविष्य के चक्कर में पूरी कांग्रेस का सत्यानाश कर दिया है। उन्होंने कहा की भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने रणदीप सिंह सुरजेवाला को उपचुनाव में हराया था। भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कुमारी शैलजा, किरण चौधरी, रणदीप सुरजेवाला को पीछे धकेलने का काम किया। संजय भाटिया ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा को चुनौती देते हुए कहा कि भूपेंद्र हुड्डा जी घोषणा करें की सत्ता में आने पर वह किसी बांगर के सामान्य परिवार के बच्चे को मुख्यमंत्री बनाएंगे। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा पर तीखी टिप्पणी करते हुए कहा कि केवल अपने परिवार को राजनीतिक रूप से स्थापित करने के लिए हुड्डा सब प्रयास कर रहे हैं, लेकिन हरियाणा की जनता और विशेष कर बांगर की धरती उन्हें इस बार भी सत्ता से दूर रखेगी।

## भर्तियों को लेकर नौ साल 11 माह तक सोता रहा है हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग: कुमारी सैलजा

समाचार गेट ब्यूरो



**चंडीगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि रोजगार देने के मामले में प्रदेश की भाजपा सरकार की नीयत में शुरू से ही खोट रहा इसलिए उसने खाली पड़े दो लाख पदों को भरने के लिए कभी सार्थक कदम नहीं उठाया। जुमलेबाज भाजपा सरकार भर्तियों के लिए घोषणाएं तो करती रही। अब प्रदेश में आचार सँहिता लग चुकी है ऐसे में हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग चुनाव आयोग से भर्तियों की अनुमति मांग रहा है जिससे आयोग ने साफ इंकार कर दिया है। आयोग अब अनुमति मांग रहा है जबकि वह नौ साल 11 माह हाथ पर हाथ रखकर बैठा रहा, उसे श्वेतपत्र जारी करते हुए जनता को बताना चाहिए कि उसने करीब दस साल के कार्यकाल में क्या किया। ये जनता है, अब भाजपा के बहकावे में आने वाली नहीं हैं, चुनाव में वोट की चोट से पूरा हिसाब चुकता करके रहेगी।

हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग हिम्मत सिंह के पत्रकार वार्ता पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कुमारी सैलजा ने जब प्रदेश में चुनाव आचार सँहिता लगी हुई है ऐसे में आयोग भर्ती की बात कर रहा है। सरकार अच्छी प्रकार से जानती है आयोग चेयरमैन भी जानते है कि चुनाव आयोग ऐसा करने की कभी अनुमति नहीं देता है, आयोग ने साफ कर दिया है कि जो भी भर्ती करनी है वो चुनाव के बाद करनी होगी। चेयरमैन कह रहे है कि वे तो भर्ती के लिए तैयार है पर चुनाव आयोग अनुमति नहीं दे रहा है, ऐसा कहकर चेयरमैन और भाजपा सरकार जनता को गुमराह करने का काम कर रही है, अगर भर्ती ही करनी थी तो अब तक क्या कर रहे है थे या उन्हें प्रदेश में चुनाव आचार सँहिता लगने का इंतजार है। उन्होंने कहा कि भाजपा जुमलेबाज सरकार है जिसका एक ही काम है झूठी घोषणाएं करना है। अब जनता सरकार की झूठी घोषणाओं में फसने वाली नहीं है।

उन्होंने कहा कि सरकार की और हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग की मंशा कभी भी युवाओं को रोजगार को देने की नहीं रही। युवाओं ने हर परीक्षा के लिए कड़ी मेहनत की, पेपर दिया पर बाद में पता चला कि पेपर लीक हो गया। सरकार पेपरलीक वालों पर कोई अंकुश न लगा सकी और पेपरलीक में हरियाणा एक नया रिकॉर्ड ही बन गया। हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग नौ साल 11 माह तक क्या करता रहा, उसे श्वेत पत्र जारी कर जनता को बताना चाहिए। उन्होंने कहा कि एचकेआरएन के तहत एक लाख 20 हजार युवाओं की भर्ती तो की अगर सरकार को भर्ती ही करनी थी तो उसे खाली पदों पर स्थायी भर्ती करनी चाहिए थी पर भाजपा सरकार ने ऐसा नहीं किया क्योंकि उसकी सोच युवाओं को रोजगार देने वाली रही ही नहीं। एचकेआरएस कर्मचारियों को मामूली वेतन देकर उनका आर्थिक शोषण किया जा रहा है, समान काम समान वेतन की नीति को सरकार ने स्वयं ही ताक रखा हुआ, प्रदेश का युवा इस चुनाव में वोट की चोट से भाजपा को करारा जवाब देगा।

## पूर्व मंत्री राव नरबीर का सम्मान समारोह व जनसंवाद कार्यक्रम आज

समाचार गेट ब्यूरो

**गुरुग्राम।** पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता राव नरबीर सिंह सिंह का विशाल सम्मान समारोह एवं जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन 1 सितंबर रविवार को सायं पांच बजे साउथ सिटी-2, सेक्टर 50 स्थित कम्युनिटी सेंटर पार्क में आयोजित किया जाएगा। वार्ड-26 की निगम पार्षद प्रवीण लता यादव एवं वरिष्ठ समाजसेवी राकेश यादव फाजिलपुर ने बताया कि विख्यात कवि दिनेश



रघुवंशी व विनोदपाल के कुशल मंच संचालन में आयोजित होने वाले इस सम्मान समारोह व जनसंवाद कार्यक्रम को लेकर पूरे विधानसभा क्षेत्र में भारी उत्साह बना हुआ है। बादशाहपुर विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं व सहयोगियों की ओर से आयोजन को लेकर जमकर प्रचार अभियान भी चलाया गया है। इसलिए यह सम्मान समारोह ऐतिहासिक होगा। उन्होंने बताया कि समारोह की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है।

## किसानों को घाटे में धकेलना चाहती है बीजेपी, इसलिए लगाई धान के निर्यात पर रोक : हुड्डा

परमल धान के निर्यात से रोक हटाए सरकार, बासमती से हटाए निर्यात ड्यूटी- हुड्डा

धान की खरीद के लिए नहीं की सरकार ने कोई तैयारी, गोदामों में नई फसल रखने की नहीं जगह- हुड्डा

किसानों, राइस मिलर्स व धान कारोबारियों ने हुड्डा से मुलाकात कर रखी अपनी मांगें

समाचार गेट ब्यूरो

**चंडीगढ़।** पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा का कहना है कि बीजेपी तय नीति के तहत किसानों को घाटे में धकेल रही है। इसलिए उसने धान के निर्यात पर रोक लगाई है और बासमती पर भारी भरकम 20 प्रतिशत निर्यात ड्यूटी थोप दी है। इसके चलते ना किसानों को अंतरराष्ट्रीय मार्किट में ऊंचे दामों का लाभ मिल पा रहा है और ना ही व्यापारियों को। इसलिए सभी के हक में फैसला लेते हुए सरकार को धान के निर्यात पर रोक को तुरंत खत्म कर देना चाहिए और बासमती पर लगाए गए निर्यात शुल्क को भी हटा देना चाहिए।

किसानों, राइस मिलर्स और आढ़तियों के प्रतिनिधिमंडलों ने हुड्डा से मुलाकात कर अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा। उन्होंने बताया कि कांग्रेस कार्यकाल के दौरान किसानों को इसीलिए धान के ऊंचे रेट मिलते थे क्योंकि उस समय निर्यात पर रोक नहीं होती थी। अंतरराष्ट्रीय मार्किट में ऊंचे दामों के चलते अक्सर स्थानीय बाजारों में भी धान की कीमत एमएसपी से भी ऊपर जाती थी और किसानों को खासी आमदनी होती थी। निर्यात के चलते किसानों, कारोबारियों को तो लाभ होता ही था, साथ ही देश की अर्थव्यवस्था को भी इसका फायदा मिलता था लेकिन बीजेपी सरकार हर बार धान की आवक से पहले उसके निर्यात पर प्रतिबंध लगा देती है। पिछले साल भी जुलाई 2023 में केंद्र सरकार ने पहले टुकड़ा चावल के निर्यात पर प्रतिबन्ध लगाया और उसके बाद परमल चावल के निर्यात पर रोक लगा दी। धान की आवक से ठीक पहले अगस्त माह में सरकार ने बासमती का न्यूनतम निर्यात मुल्य 950 डॉलर प्रति टन तय करके उसपर 20% निर्यात शुल्क थोप दिया। इसके चलते देश का धान गोदामों में धरा धराया रह गया। आज 1 साल बाद भी स्थिति यह है कि चावल के गोदाम भरे पड़े हैं। नया चावल रखने के लिए उनमें जगह ही नहीं है। राइस मिलर्स सरकार को चावल देने को तैयार हैं लेकिन सरकार के गोदामों में जगह ही नहीं है। 25 प्रतिशत बकाया चावल अभी भी मिलों में पड़ा हुआ है।



व्यापारियों का आरोप है कि सरकार फिजिकल वेरिफिकेशन के नाम पर भी उन्हें बेवजह परेशान कर रही है। मिलर्स को एक प्रतिशत ड्रायज के रूप में जो रियायत मिलती थी, उसे भी आधा कर दिया गया है। उसके कस्टम मिलिंग चार्ज को भी 15 से घटाकर 10 रुपये कर दिया गया है। बोरियों पर जो टैग लगते हैं, उसके पैसे भी व्यापारियों को नहीं मिलते। ऊपर से बीजेपी सरकार ने पोर्टल का ऐसा जंजाल बना रखा है कि उससे हर कोई परेशान है। जरूरत के वक्त हमेशा पोर्टल बंद हो जाता है।

नेता प्रतिपक्ष को आढ़ती और सैलर ने बताया कि सितम्बर के पहले सप्ताह से जो धान की मण्डियों में आवक शुरू हो जाएगी तो सरकार नई फसल को कहां रखेगी ? इसके बारे में ना किसी तरह की तैयारी की गई है और ना ही खरीद के लिए कोई व्यवस्था बनाई गई है। हर बार सरकार के इस ढुलमुल रवैये के खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ता है। बीजेपी की नीतियों के चलते कृषि से जुड़े कारोबारी और राइस मिलर्स भी लगातार घाटे में जा रहे हैं। इस पूरे मामले में हरियाणा की बीजेपी सरकार की चुप्पी भी बेहद दुर्भाग्यपूर्ण रही है। प्रदेश के किसानों व कारोबारियों को हर सीजन में होने वाले घाटे को बीजेपी मूकदर्शक बनी देखती रही है।

# लोकतंत्र को मजबूत करना सबकी नैतिक जिम्मेदारी : मनोज दलाल




समाचार गेट/सोनिका सूरा

**सिवानी।** आज सिवानी खंड के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय झुंपा खुर्द में लोहारू एसडीएम मनोज दलाल द्वारा विधानसभा हल्का लोहारू के खंड सिवानी व बहल के सुपरवाइजर और बी.एल.ओ की मीटिंग ली गई। जिसमें एसडीएम मनोज दलाल ने आगामी विधानसभा चुनाव के मध्य नजर सभी को जरूरी दिशा निर्देश दिए तथा कहा कि लोकतंत्र को मजबूत करना हम सब की नैतिक जिम्मेदारी है।सभी अपने-अपने स्तर पर जो कार्य आपको दिए गए हैं, उन्हें पूर्ण निष्ठा और लगन से पूरा करें तथा मतदान प्रतिशत को बढ़ाने में अपनी भागीदारी निभाएं।

सभी बी एल ओ को दिशा निर्देश दिए कि वह अपने बूथ को सुव्यवस्थित करें।यदि कोई कमी रह गई है तो शीघ्र से शीघ्र उसे पूरा कर ले इसके अतिरिक्त यदि किसी को समस्या हो तो उसका तुरंत निराकरण किया जाएगा।इस मौके पर एसडीम मनोज दलाल ने कहा फॉर्म 12 डी का कार्य जल्दी से पूरा कर ले।ए एस डी लिस्ट के विषय में भी उन्होंने जरूरी निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त चुनाव प्रक्रिया में सुपरवाइजर और बी एल ओ के कार्यों पर भी उन्होंने विस्तार से चर्चा की। इस मीटिंग में प्राचार्य राजवीर सिंह सांगवान, श्याम सुंदर सांगवान, प्राचार्य विष्णु कुमार, डॉ.नीतू नेहरा, श्रीमती स्वाति, प्राचार्य सूबेसिंह, प्राचार्य अनिल कुमार सहित सिवानी व बहल ब्लॉक के सभी सुपरवाइजर एवं बूथ लेवल अधिकारी उपस्थित रहे।

# रेवाड़ी भाजपा बना रही जीत का हैट्रिक प्लान

## जिला भाजपा में तीन दिन से चल रहा है मैराथन बैठकों का दौर



समाचार गेट/निकिता माधोगढ़िया

**रेवाड़ी।** हरियाणा में 5 अक्तूबर को होने वाले विधानसभा चुनावों को लेकर रेवाड़ी जिला भाजपा कार्यालय में भी तीन दिन से चुनावी मैराथन बैठकों का दौर चल रहा है। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष डॉ वंदना पोपली कर रही हैं। श्रीमती पोपली ने बताया कि इस बार भी हरियाणा में भाजपा तीसरी बार सरकार बनाएगी। चुनाव जीतने की हैट्रिक प्लानिंग बनाई जा रही है। लगातार तीन दिनों से पार्टी कार्यालय में जिले के सभी मंडल अध्यक्ष, शक्ति केंद्रों के प्रमुख व पार्टी पदाधिकारियों से लेकर इकाई कार्यकर्ताओं के साथ जीत की रणनीति बनाई जा रही है। भारतीय जनता पार्टी ही एक मात्र ऐसी पार्टी है जो भ्रष्टाचार मुक्त शासन दे सकती है। सबका साथ सबका विकास व सबका विश्वास बरकार रखने का काम करती है।कांग्रेस पार्टी की तरह जमीनों के घोटाले, नौकरियों में खर्ची- पर्ची नहीं करती। भाजपा ने लगभग सभी विभाग ऑनलाइन कर गैस की लाइन, बिजली बिल जमा करने की लाइन से जनता को लाइनों से छुटकारा दिलाने का काम किया है। जनता यह अच्छी तरह जानती है की भाजपा कांग्रेस की तरह लूट खसोट की सरकार नहीं है। इन बैठकों में भाजपा जिला महामंत्री सत्यदेव यादव, ईश्वर चनीजा, रेवाड़ी मंडल अध्यक्ष दीपक मंगला, बीकानेर मंडल अध्यक्ष बाबूलाल छावड़ी, धारूहेड़ा मंडल अध्यक्ष रामनिवास, बावल मंडल अध्यक्ष अमरजीत सिंह, खोल मंडल अध्यक्ष जितेंद्र यादव, गढ़ी बोलनी मंडल अध्यक्ष नागेंद्र भारद्वाज, डहीना मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र लुहाना, जाटूसाना मंडल अध्यक्ष इंदर राव, नाहड मंडल अध्यक्ष प्रदीप बाबा, बेरली मंडल अध्यक्ष दयानंद सोनू आदि मौजूद रहे।

# बिजली निगम कार्यालय में कार्यरत जेई पवन रोहिल्ला 28 वर्ष की सेवा के बाद हुए सेवानिवृत



समाचार गेट/सुनील दीक्षित

**कनीना।** सेवानिवृत्ति सर्विस प्रक्रिया का हिस्सा हैं एक निश्चित समय अवधि के बाद कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति होना पड़ता हैं। ये विचार दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम कार्यालय कनीना में कार्यरत जेई पवन कुमार रोहिल्ला की सेवानिवृत्ति के अवसर पर निगम के एसडीओ वीर सिंह ने उपस्थित जनों के समक्ष व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि 28 वर्ष की सेवा के दौरान पवन रोहिल्ला ने ईमानदारी व निष्ठा पूर्वक अपने कार्यों का निर्वहन किया उसे सदैव याद रखा जाएगा। उनकी नियुक्ति 1993 में बुढोली बिजली घर में बतौर एएलएम के पद पर हुई थी। उसके बाद 2004 में एसए तथा 2014 में जेई के पद पर पदोन्नति हुई। उन्होंने बुडोली, एसएसई प्रदीप कुमार, महावीर पहलवान,रामरतन शर्मा, अजय कुमार, राजेंद्र नोताना,सुभाष चंद, सज्जन कुमार, सुरेश वशिष्ठ, विकास,देवासिंह, सोनू यादव, हरसेवक, रमेश कुमार, छोटेलाल, पालसिंह सहित अन्य प्रबुधजनों ने पगडी पहनाकर व समृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि पवन कुमार ने जहां भी सेवाएं दी वहां अपने कार्यों की अमित छाप छोड़ी। उनकी विदाई पार्टी के अवसर पर बिजली निगम कर्मचारी व अन्य गणमान्यजन उपस्थित थे।

# एसडीम स्कूल में हुआ सेमिनार का आयोजन

## कर्नल देवानंद ने विद्यार्थियों को सेना में कैरियर बनाने के टिप्स बताए



समाचार गेट/सुनील दीक्षित

**कनीना।** एसडीएम वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय छिथरोली में शनिवार को प्रेरणादायक सेमिनार का आयोजन किया गया।इस समारोह के मुख्य अतिथि भूतपूर्व सैनिक सेवा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष कर्नल देवानंद थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच प्रतिनिधि बलवान आर्य ने की। विद्यालय के निदेशक अजमेर सिंह दांगी ने स्म2ति चिन्ह प्रदान कर उनका स्वागत किया। सेमिनार में कर्नल देवानंद ने विद्यार्थियों को भारतीय सेना में कैरियर बनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विद्यार्थियों को नेशनल डिफेंस एकेडमी व कॉम्बाइंड डिफेंस सर्विसेज परीक्षा की तैयारी के तौर-तरीके व महत्व को समझाया। उन्होंने कहा कि सेना में कैरियर न केवल एक सम्मानजनक कार्य है बल्कि देश की सेवा करने का भी महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने छात्रों को बताया कि ये परीक्षाएं भले ही कुछ कठिन होती हैं, लेकिन सही दिशा, समर्पण और मेहनत से इनमें सफलता प्राप्त की जा सकती है। नियमित अध्ययन, शारीरिक फिटनेस, और मानसिक तैयारी के बूते पर विद्यार्थी इसमें सफलता हासिल कर सकते हैं। उनकी परीक्षा में केवल शैक्षणिक ज्ञान ही नहीं, बल्कि नेतृत्व और समसामयिक सोच भी शामिल होती है। कर्नल ने छात्रों के विभिन्न सवालों के जवाब दिए और सेना में जाने के लिए प्रेरित किया। संस्था के निदेशक अजमेर सिंह दांगी ने कहा कि विद्यार्थियों के मार्गदर्शन के लिए समय-समय पर ऐसे आयोजन करना उनका मुख्य दायित्व है। विद्यार्थी सेना में जाकर देश की सेवा का हिस्सा बन सकते हैं। उन्होंने कहा कि एक सेमिनार नव वर्ष में आयोजित कराया जायेगा।

इस मौके पर नरेंद्र शास्त्री ,डॉ हंसराज गुर्जर ,कैप्टन सुखबीर सिंह सहित विद्यार्थी एवं अभिभावक उपस्थित थे।

# विधानसभा चुनाव के बाद हो सकते हैं स्थानीय निकाय के चुनाव

समाचार गेट/सुनील दीक्षित

**कनीना।** नगर पालिका कनीना के प्रधान व नगर पार्षदों का संवैधानिक कार्यकाल सालभर पूर्व पूरा होने के बाद अब विधान सभा चुनाव के बाद ही स्थानीय निकाय के चुनाव होने की उम्मीद है। हालांकि नगरवासी चुनाव के लिए जोर आजमाइश करने लगे थे लेकिन पहले लोकसभा चुनाव व उसके बाद अब विधान सभा चुनाव का बिगुल बनजे के बाद दीपावली के बाद चुनाव की संभावना जताई जा रही है। नगर पालिका चुनाव की तैयारी को देखते हुए एक वार्ड बढने के साथ 14 वार्ड का गठन किया गया है। जिनमें कुल मतदाता 9626 है। नए नियम के अनुसार चुनाव होने हैं। जिसमें बीसीए वर्ग को आरक्षण दिया जाएगा। इसके अलावा नगर पालिका प्रधान का चुनाव सीधा होगा। प्रधान पद के चुनाव के लिए युवा एवं बुजुर्ग दोनों ही कैटेगरी के लोग अपने अपने समीकरण बैठा रहे हैं। नगरपालिका कार्यकाल के बारे में सचिव ने बताया कि हाउस की प्रथम बैठक को तिथि मानकर कार्यकाल की गणना की जाती है जिसके अनुसार 14 जून 2018 को कनीना नगर पालिका हाउस की प्रथम बैठक हुई थी। जिसके चलते 13 जून 2023 को वर्तमान नगर पालिका प्रधान व नगर पार्षदों का कार्यकाल समाप्त हो चुका है। कनीना के एसडीएम बतौर प्रशासक कार्य कर रहे हैं। हरियाणा की 22 नगर पालिका व 4 परिषदों में प्रधान के पद का निर्धारण करने के लिए पहली बार परिवार पहचान पत्र से आबादी के आंकड़े लेकर अनुसूचित वर्ग व पिछड़ा वर्ग-ए को तरजीह दी जाएगी। केवल किसी शहर में आरक्षित वर्गों की आबादी एक समान होने की स्थिति में ड्रा किया जा सकता है। प्रदेश में अंबाला, थानेसर, सिरसा और पटौदी में नगर परिषद तथा कनीना, कलायत, बराड़ा, राढौर, इंद्री, नीलोखेड़ी, कलानौर, खरखौदा, बेरी, बवानी खेड़ा, लौहारू, सिवानी, हथीन, तावडू, फरुखनगर, अटेली मंडी, आदमपुर, नारनौंद, कालांवाली, जुलाना और सीवन में नगरपालिका चुनाव होने हैं।

# आदर्श आचार संहिता में चिन्हित स्थानों पर ही लगाई जा सकती है प्रचार सामग्री

समाचार गेट ब्यूरो

**फरीदाबाद।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायु विक्रम सिंह ने बताया कि हरियाणा प्रिवेंशन ऑफ डिफेसमेंट ऑफ प्रॉपर्टी एक्ट 1989 के तहत चुनाव संबंधी सभी विज्ञापन और लेखन हेतु ग्रामीण क्षेत्रों में खंड विकास और पंचायत अधिकारी या सामाजिक शिक्षा एवं पंचायत अधिकारी व शहरी क्षेत्रों में नगर निगम के सम्बंधित अधिकारी स्थान निर्धारित करेंगे व प्रचार सामग्री लगाने की अनुमति सम्बंधित रिटर्निंग अधिकारी प्रदान करेंगे। निर्धारित स्थान पर अनुमति के बाद ही चुनाव या उम्मीदवार संबंधित प्रचार सामग्री लगायी जा सकती है। जो कोई भी विज्ञापन और प्रचार के लिए निर्धारित किये गए स्थान को छोड़ कर या संबंधित रिटर्निंग ऑफिसर की अनुमति बिना प्रचार सामग्री लगाता हैं तो हरियाणा प्रिवेंशन आफ डिफेसमेंट आफ प्रॉपर्टी एक्ट 1989 एवं लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के तहत अवैध प्रचार सामग्री लगाने वाले को वह प्रचार सामग्री अपने खर्चे पर हटवानी पड़ेगी व साथ ही उनको छह माह के लिए कारावास व जुर्माने से दंडित किया जा सकता है।

# होडल : लघु सचिवालय की इमारत जर्जर अवस्था में, गिरने लगा छतों का लेंटर, परिसर में मूलभूत सुविधाएं भी नही



समाचार गेट/हरिओम भारद्वाज

**होडल।** पुन्हाना मोड़ स्थित लघु सचिवालय की इमारत देखरेख के अभाव में दिन पर दिन जर्जर होती जा रही है। जहा इमारत की दीवारों पर से प्लास्टर गिर रहा है वही छतों से भी लेंटर गिरने लगा है। तीन मंजिला इमारत जिन पिलरओ पर खड़ी है वह भी टूटने लगे है। बीते दिन भी छत का प्लास्टर गिरने की वजह से नीचे काम कर रहे कर्मचारी घायल होने से बाल बाल बचे है। लगभग 15 वर्ष पहले तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के कार्यकाल में लघु सचिवालय की नई इमारत का निर्माण करवाया गया था। पीडब्ल्यूडी विभाग की लापरवाही की वजह से इमारत जर्जर होने लगी है। ज्ञात रहे की इसी इमारत में एसडीएम कार्यालय, डीएसपी कार्यालय, बिजली विभाग एक्सन कार्यालय, आंगनवाड़ी कार्यालय, मत्स्य पालन जैसे अधिकारियों के कार्यालय हैं। और इस इमारत की हालत खस्ताहाल है जिस कारण अधिकारियों,कर्मचारियों और वह जरूरी कार्य से आने वाले लोगो के जीवन के साथ खिलवाड़ हो रहा है।

ज्ञात रहे सरकार ने करोड़ों रुपए की लागत से होडल में लघु सचिवालय का निर्माण तो करा दिया लेकिन उसकी देखरेख नहीं होने की वजह से इमारत की हालत बेहद खराब है। परिसर में आने वाले नागरिकों के लिए पीने के पानी की भी कोई व्यवस्था नहीं है । ना ही शौचालय सुचारू रूप से चालू है । परिसर में जगह-जगह गंदगी के ढेर देखने को मिलते हैं। शौचालय में गंदगी भरी पड़ी रहती है साफ सफाई के लिए कोई कर्मचारी मौजूद नही है।लघु सचिवालय के पिलर भी छतिग्रस्त नजर आते है। दरवाजे खिड़कियां टूटे हुए हैं। सुविधाओं के नाम पर लघु सचिवालय परिसर में किसी भी प्रकार की कोई व्यवस्था नहीं है। लोगों के लिए स्वच्छ पीने के पानी तक की सुविधा भी नहीं है।अपने किसी कार्य से लघु सचिवालय परिसर में आए व्यक्ति गांव भूलवाना निवासी संजय ने बताया कि परिसर के गेट में घुसने से पहले ठेकेदारों द्वारा वाहनों की पार्किंग के लिए रसीद तो काट दी जाती है लेकिन वाहनों को खड़ा करने के लिए कोई निश्चित जगह भी नहीं है। यह सब नागरिकों को लूटने का कार्य कर रहे हैं। होडल लहुखंड कॉलोनी निवासी मामराज ने बताया कि लघु सचिवालय परिसर में कहीं पर भी पीने के पानी की कोई सुविधा नहीं है। सरकारी कार्यालय होने की वजह से यहां घंटो अपने कार्य के लिए इंतजार करना पड़ता है पीने के पानी की सुविधा नहीं होने की वजह से लोगों को प्यास बुझाने के लिए दर-दर भटकना पड़ता है । और रुपए देकर पानी पीना पड़ता है । कहने को तो सरकार लोगों की सुविधाओं के लिए सैकड़ो कार्य कर रही है लेकिन सचिवालय परिसर में जन सुविधाओं का अभाव होने के साथ-साथ साफ सफाई भी नहीं है। और आपातकाल की स्थिति में निपटने के लिए लघु सचिवालय परिसर में अग्निशमन यंत्र भी खराब पड़े हुए हैं। आपातकाल की स्थिति में आग बुझाने के लिए किसी भी प्रकार की कोई सुविधा नहीं है । करोड़ों रुपए की लागत से बने होडल लघु सचिवालय परिसर को तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने जुलाई 2010 में होडल की जनता को समर्पित किया था। इमारत में आपातकाल में आग लगने से बचाव के लिए फायर सिस्टम भी लगाया हुआ है। लेकिन देखरेख नहीं होने की वजह से वह पूरी तरह से बर्बाद हो चुका है। दीवारों और छत में मकड़ियों और मच्छरों ने डेरा जमाया हुआ है साफ सफाई का कोई नाम नहीं है परिसर के अंदर जगह कूड़े कचरे के ढेर लगे हैं। इस संदर्भ में जब एसडीएम रणबीर सिंह से बात की तो उन्होंने कहा कि लघु सचिवालय परिसर में सफाई अभियान चलाया जा रहा है। और जल्द ही साफ सफाई की व्यवस्था दुरुस्त की जायेगी। उन्होंने कहा कि आज ही जेई और अन्य अधिकारियों के साथ उन्होंने बैठक बुलाई है जल्द से जल्द लघु सचिवालय परिसर की इमारत की मुरम्मत करवा कर दुरुस्त किया जाएगा।

# कनीना कोर्ट में 14 को आयोजित होगी राष्ट्रीय लोक आदलत : सुनील यादव



समाचार गेट/सुनील दीक्षित

**कनीना।** आगामी 14 सितंबर को शनिवार को एसडीजेएम कोर्ट कनीना में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। बार एसोसिएशन कनीना के अध्यक्ष सुनील यादव रामबास ने बताया कि इस लोक अदालत में दोनों पक्षों की सहमति से विभिन्न प्रकार के वादों का निराकरण किया जायेगा। उन्होंने कहा कि राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा निर्देशन में 14 सितंबर को आयोजित होने वाली लोक अदालत में कोर्ट में लंबित वाद या कोई नया विवाद जो कोर्ट में नहीं पहुंचा है, उसे आपसी समझौते से आसानी से निपटा सकते हैं। ऐसे केस की जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय में दी जा सकती है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंक रिकवरी मामले, पेंशन मामले,वैवाहिक पारिवारिक विवाद, मिश्रित अपराधिक वाद, भूमि अधिग्रहण मामले, उपभोक्ता शिकायत मामले, बिजली मामले, टेलीफोन बिल विवाद, अन्य दीवानी मामले जैसे विभाजन, कब्जे के मामले से संबंधित, किराया संबंधी मामले, इजमेंट्री का अधिकार व कॉन्ट्रैक्टस संबंधी मामले निपटारे के लिए रखे जाएंगे।

# रसूलपुर के विद्यार्थियों को जल संरक्षण के लिए जागरूक

समाचार गेट/सुनील दीक्षित

**कनीना।** राजकीय उच्च विद्यालय रसूलपुर में शनिवार को विद्यार्थी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अध्यापक हीरालाल व जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के कर्मचारियों ने जल संरक्षण के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने जल संरक्षण के तौर तरीके भी बताए ।मोहित कुमार ने कहा कि जल जीवन मिशन से हर घर-नल से जल मुहिम के तहत पेयजल सप्लाई किया जा रहा है। इस मुहिम में विद्यार्थी भी जल संरक्षण तथा पेयजल की गुणवत्ता बरकरार रखने में भूमिका निभा सकते हैं। जल की स्वच्छता से जल जनित बीमारियां डायरिया, टायफाइड आदि से बचा जा सकता है। विद्यार्थियों को जल जीवन मिशन और जल संरक्षण आधारित प्रेरणात्मक विडोयो दिखाई गई। इस अवसर विभिन्न प्रतियोगिता आयोजित करवाई गई। निबंध प्रतियोगिता में मुस्कान प्रथम,भूमि द्वितीय व खुशी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। स्लोगन लेखन में अंजलि ने पहला स्थान ,साक्षी ने दूसरा व गौरव ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। पेंटिंग प्रतियोगिता में सुजाता ने पहला, मन्नू ने दूसरा और सन्नी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। रंगोली प्रतियोगिता में गोरी ने पहला ,पायल ने दूसरा स्थान तथा राधिका ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। श्रेष्ठ स्थान प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर कृष्ण लाल, मनमोहन सिंह,रवीना यादव, अशोक कुमार, विनोद कुमार ,अनिल कुमार, पूनम कुमारी, धर्मवीर सिंह, दिनेश कुमार, सर्वेश देवी, अजीत सिंह उपस्थित थे।

# गला दबाकर हत्या के प्रयास से पांच माह से कोमा में गई विवाहिता की मौत, ससुरालियों पर लगाया आरोप

## चाचियां बोली : उसकी मां की मौत के बाद भाइयों और भाभियों ने किया था चंचल का विवाह

समाचार गेट/कविता



**फरीदाबाद।** दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए मृतका के परिजनों ने ससुराल वालो पर कड़ी से कड़ी कानूनी कार्यवाही की मांग उठाई है। उनका कहना है कि विवाहिता को पांच माह पहले मारने का प्रयास किया गया था। जिसमें चिकित्सकों ने उसके गले घोटने और जहर देने तक की बात उन्हें बताई, लेकिन अब पांच माह बाद जब विवाहिता को ससुराल वालों ने अपने घर में रखा हुआ था, तो वह करीब ढ़ाई से तीन माह की गर्भवती थी, ऐसे में उसकी मौत हो गई। उन्हें आशंका है कि विवाहिता को एक बार फिर मारा गया है। पुलिस इस मामले में सख्त से सख्त कानूनी कार्यवाही करें और मृतका की आत्मा को शांति मिले।

दिल्ली के बादरपुर की रहने वाली चंचल की शादी ढाई साल पहले तिगांव के नवादा गांव के रहने वाले मोहित से हुई थी। मृतका की चाची और ताई ने बताया कि चंचल की मां की मौत करीब नौ दस साल पहले हो गई। जिसके कारण उसके तीन भाईयों जिसमें एक दिव्यांग भी शामिल है और भाभियों ने मिलकर पाला और ढ़ाई वर्ष पहले 31 लाख रुपये कैश व दान दहेज देकर धूमधाम से की थी। लेकिन एक साल बाद चंचल का बेटा हुआ, तो ससुराल वालो ने उसके लिए और डिमांड की, चंचल को बेटा पैदा होने पर छौंचक के रूप में 21 लाख रुपए कैश दिए थे, लेकिन फिर भी दहेज के लोभियों की डिमांड कम नहीं हुई। वह अक्सर चंचल के साथ मारपीट करते थे। इसको लेकर चंचल ने उन्हें कई बार बताया जिसके बाद पंचायती तौर पर उनके कई बार फैसला और राजीनामा हुआ। लेकिन आए दिन पैसों की डिमांड वह भी पूरी नहीं कर सकते थे। आखिर में एक दिन चंचल ने अपनी बहन को फोन करके नौकरी करने की बात कही। अगले ही दिन उसके परिजनों को पता चला कि चंचल कौमा में है, जब वह पहुंचे तो मिलने नहीं दिया गया, पुलिस के सहयोग से वह मिले, तो चिकित्सकों से पता चला कि उसके गले को घोंटने का प्रयास किया गया है और कुछ खिलाकर मारने का प्रयास किया है। जिसकी उन्होंने पुलिस को शिकायत दी थी। शादी के बाद से ही उसके पति और सास, ससुर चंचल



को दहेज कम लाने के ताना मारकर उसे टॉर्चर करते रहते थे। पांच महीने पहले चंचल के पति मोहित, ससुर राजेंद्र और सास ने चंचल के साथ मारपीट की थी। जिसके चलते चंचल को फरीदाबाद के एक निजी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया था। घटना की जानकारी भी उन्हें पड़ोसियों द्वारा मिली थी। चंचल का लगभग एक महीने निजी अस्पताल में इलाज चला, लेकिन चंचल कोमा में चली गई। इसके बाद उसके ससुराल वाले उसे एक महीने बाद अस्पताल से निकाल कर घर ले गए, तब से चंचल घर पर कोमा में थी। जब वह लोग चंचल से मिलने के लिए जाते भी थे, तब उन्हें पुलिस को साथ लेकर जाना पड़ता था। क्योंकि बिना पुलिस के चंचल से उन्हें वह मिलने भी नहीं देते थे। चंचल की उनके घर पर ही मौत हो गई। इस मौत की जानकारी भी उन्हें आसपास के लोगों द्वारा ही मिली थी। फिलहाल अब चंचल के भाई धर्मेन्द्र, अमर कुमार और चंचल की ताई जगरेश ने चंचल के साथ मारपीट करने वाले उसके पति, सास और ससुर के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। फिलहाल चंचल के शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया गया है।

# पुलिस डाल रही समझौते का दबाव नहीं आई चौथी नर्स सामने

समाचार गेट/कविता



**फरीदाबाद।** शहर के बीके सिविल अस्पताल में एक बार फिर ऐसा मामला सामने आया, जहां किसी तरह की कठोर कार्यवाही किए बिना ही परिजनों पर समझौते का दबाव बनाया जा रहा है। महिला को लापरवाही से कट लगाने के संग ही उसके पेट में घूंसे मारने वालों पर कार्यवाही करने के बजाय पुलिस भी समझौते का दबाव बना रही है। ऐसे में फिलहाल परिजन आरोपियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर पुलिस और अस्पताल के चक्कर काट रहे है, तो वहीं जच्चा का इलाज भी अस्पताल में ही चल रहा है।

**यह था पूरा मामला:**

गत 21 अगस्त को डिलीवरी के दौरान महिला के पेट में पल रही उसकी बच्ची की मौत हो गई थी। आरोप है कि इसमें अस्पताल स्टाफ की लापरवाही थी। महिला के पति ने डिलीवरी कराने वाली 4 नर्सों पर मारपीट और जबरन डिलीवरी कराने के गंभीर आरोप लगाए थे साथ ही तीन हजार रुपये की मांग का भी आरोप लगाया था। मृत नवजात बच्ची का बादशाह खान सिविल अस्पताल में पोस्टमार्टम हुआ। परिवार का कहना है कि अभी तक आरोपियों पर कार्रवाई नहीं हुई है।

**मारे थे घुसे और लगाया कट:**

पल्ला थाने इलाके की रहने वाली वर्षा ने बादशाह खान सिविल अस्पताल में डिलीवरी के दौरान हुई उसके साथ हुई मारपीट का खुलासा किया। उसने बताया कि जब उसे प्रसव पीड़ा हो रही थी, तो उसकी मां से स्टाफ नर्स ने डिलीवरी करने के लिए 3 हजार रुपए मांगे थे और जबरन चार नर्स मिलकर उसकी डिलीवरी कर रही थी। जब उसे दर्द हो रहा था तो चारों ने न केवल उसे बुरी तरह पीटा बल्कि उसके पेट पर भी और गुप्तांग पर भी घुसे मारे थे, जिससे वह मारपीट के दौरान बेड से गिर भी गई थी। आरोपी नर्सों ने फिर बेड पर डाला और फिर उसके साथ मारपीट की। जबरदस्ती उसके बच्चे की डिलीवरी कराई जा रही थी। इस दौरान उसके शरीर पर दो जगह कट लगा दिए। इसके बाद उसकी आंखों के आगे अंधेरा होने लगा और उसे कुछ पता नहीं चला। बाद में जब उसे होश आया तो बताया कि उसने बच्ची को जन्म दिया था जिसकी मौत हो चुकी है।

वर्षा ने बताया कि उसकी बच्ची की मौत की जिम्मेदार यदि कोई है, तो उसके साथ मारपीट करने वाली वह चारों स्टाफ नर्स हैं। वहीं इस मामले में पीड़िता वर्षा की मां रेखा और उसकी ने बताया कि इस घटना को लगभग 10 दिन बीत चुके हैं, लेकिन अभी तक उनकी बेटी के साथ मारपीट करने वाली चारों नर्स को उनके सामने नहीं लाया गया है। पुलिस उल्टा उन पर ही फैसला करने का दबाव बना रही है।

वर्षा के ससुर विजय कुमार ने बताया कि जब उनकी बहू की डिलीवरी कराने वाली तीन नर्स को ही उनके सामने लाया जा रहा है। चौथी नर्स कौन है, इसके बारे में उन्हें कुछ भी नहीं बताया जा रहा है। इसलिए उन्हें अस्पताल और पुलिस से न्याय मिलता नजर नहीं आ रहा है।

# पर्यटन में रोजगार की बेहतरीन अवसर: डा सुनिधि



समाचार गेट ब्यूरो

**फरीदाबाद।** राजकीय महिला महाविद्यालय सेक्टर 16 ए फरीदाबाद के पर्यटन विभाग द्वारा हरियाणा पर्यटन दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं ने पोस्टर मेकिंग, भाषण, प्रश्नोत्तरी एवं हरियाणवी गीतों के माध्यम में हरियाणा में पर्यटन के महत्व को दर्शाया। वहीं छात्राओं ने हरियाणवी वेशभूषा के माध्यम से प्रदेश की संस्कृति प्रोत्साहित किया। प्राचार्य डा. सुनिधि ने कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए छात्राओं एवं विभाग सदस्यों को पर्यटन की दिवस की शुभकामनाएं दी तथा छात्राओं द्वारा पर्यटन को प्रोत्साहित करने वाली गतिविधियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि हरियाणा पर्यटन की दृष्टि से एक समृद्ध प्रदेश है, जहां विभिन्न प्रकार की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, धार्मिक विरासत मौजूद हैं। उन्होंने छात्राओं के लिए भी इस क्षेत्र में रोजगार के बेहतर अवसर हैं। विभागाध्यक्ष डॉ. प्रीति रैना ने वर्तमान समय में रोजगार के क्षेत्र में पर्यटन की बढ़ती हुई हिस्सेदारी से छात्राओं को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि विगत कुछ वर्षों में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है, जो यह दर्शाता है कि पर्यटन सतत बढ़ने वाला क्षेत्र है। इस मौके पर महाविद्यालय के सभी स्टॉफ सदस्यों ने छात्राओं को शुभकामनाएं दी।

# सनातन तुलसी जी को विष्णुप्रिया कहता है वहीं इस्लाम ने भी माना जन्नती पौधा: डॉ.आर एन सिंह



समाचार गेट ब्यूरो

**फरीदाबाद।** यमुना रक्षक दल के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष डॉ.आर एन सिंह ने हर घर-आँगन तुलसी अभियान को सनातन धर्म के दायरे से आगे बढ़ाकर इस्लाम प्रेमियों से भी आग्रह किया कि तुलसी जी के पौधे को अपने घर-आँगन में प्रतिष्ठित स्थान दें। डॉ.आर एन सिंह ने कहा कि कुरान में तुलसी जी का वर्णन दो स्थानों पर आया है, सूरह रहमान की 11वीं और सूरह वाकिया की 89 वीं आयत में। सूरह रहमान में जहां इसे धरती पर अल्लाह की नेमतों में बताया गया है तो सूरह वाकिया में जन्नती पौधे के रूप में बताते हुए कहा गया है कि यह उन लोगों को प्राप्त होगा जिन्हें खुदा की निकटता हासिल होगी। डॉ.आर एन सिंह ने कहा कि तुलसी जी का संबंध धर्म के साथ-साथ पर्यावरण तथा स्वास्थ्य से भी है अत: प्रत्येक घर-आँगन में न सिर्फ उनका होना अनिवार्य है बल्कि समुचित प्रयोग की भी आवश्यकता है। डॉ. सिंह ने ये बातें डबुआ कॉलोनी आवासीय क्षेत्र में आयोजित हर घर-आंगन तुलसी कार्यक्रम के तहत शरीफ आजम के आवास पर तुलसी जी का पौधा लगाने क्रम में बताया। इस अवसर पर भोजपुरी अवधी समाज के चेयरमैन पंडित रमाकांत तिवारी, आर डब्ल्यू ए डबुआ कॉलोनी के पूर्व सचिव एडवोकेट धर्म देव नागर, शरीफ आजम, अब्दुल मजीद, नौशाद, असद, अहमद, अहान विशेष रूप से उपस्थित थे।

# ऑटो रिक्शा पर राजनीतिक गतिविधियों के पोस्टर न लगाए, होगी कार्रवाई : विक्रम सिंह

समाचार गेट ब्यूरो



**फरीदाबाद।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायु विक्रम सिंह ने बताया कि जिला में ऑटो रिक्शा पर लगे अवैध राजनीतिक विज्ञापनों के खिलाफ अब प्रशासन लगातार कार्रवाई कर रहा है। आदर्श आचार सँहिता की अनुपालना को सुनिति करते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायु विक्रम सिंह के निर्देशों पर शहर में आज भी ऑटो रिक्शा के पीछे लगे राजनेताओं एवं राजनीतिक गतिविधियों के बैनर को तुरंत प्रभाव से हटाया गया। चुनाव आयोग के द्वारा विधानसभा चुनाव का कार्यक्रम घोषणा करने के बाद से ही आदर्श आचार सँहिता लागू हो गई थी।

आदर्श आचार सँहिता लागू होते ही जिले में रेलवे स्टेशन रोड, बस स्टैंड, रेलवे पुल, सड़क मार्ग, सरकारी बसों, बिजली खंभों, सरकारी भवनों से बैनर, झंडे को हटाने का काम भी शुरू हो गया है। जिसके तहत जिला में आज ऑटो रिक्शा के पीछे लगे पोस्टर को हटाया गया। सम्बंधित अधिकारीयों का कहना है कि कई जगह टीम लगाकर ऑटो रिक्शा के पीछे लगे पोस्टर को हटवाया जा रहा है। जहां आदर्श आचार सँहिता के उल्लंघन की शिकायत आ रही थी। वहां दोबारा टीम भेज कर कार्यवाही की जा रही है। जिला निर्वाचन अधिकारी की निर्देशानुसार यदि इसके बावजूद भी आदर्श आचार सँहिता का उल्लंघन होता पाया गया, तो संबंधित व्यां के खिलाफ एक्ट के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

# रोटरी क्लब फरीदाबाद ग्रीन ने किया इंटरैक्ट क्लब का गठन

समाचार गेट ब्यूरो



**फरीदाबाद।** एसआरएस इंटरनेशनल स्कूल, ग्रेटर फरीदाबाद में रोटरी क्लब ग्रीन, फरीदाबाद के तत्वावधान में इंटरैक्ट क्लब की स्थापना और शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। इंटरैक्ट क्लब मुख्य रूप से समाज में विभिन्न मुद्दों पर जागरूकता फैलाने और समाज सेवा के कार्यों में अपना योगदान देता है।

एस आर एस इंटरनेशनल स्कूल में इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा जिला इंटरैक्ट क्लब की अध्यक्षा श्रीमती मीनाक्षी गुप्ता और रोटरी क्लब ग्रीन फरीदाबाद के प्रेसिडेंट और एस आर एस इंटरनेशनल स्कूल के डायरेक्टर विनय गोयल उपस्थित रहे और छात्रों का मार्गदर्शन किया। क्लब के अन्य सदस्य भी इस अवसर पर मौजूद रहे। सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की गई।

इसमें विद्यालय के विभिन्न कक्षाओं के छात्रों का चयन कर इंटरैक्ट क्लब का गठन किया गया। जिसमें निर्देशक, अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, संयु सचिव सहित 15 सदस्यों को इंटरैक्ट क्लब की अध्यक्षा मीनाक्षी गुप्ता शपथ दिलाई गई और बैचेज प्रदान किए गए। इस खास अवसर पर कक्षा बारहवीं की छात्रा तिस्या भुट्टन को अध्यक्षा, ग्यारहवीं की छात्रा आहना बत्रा- उपाध्यक्षा, बारहवीं के छात्र यथार्थ चौहान को संयु सचिव, ग्यारहवीं के छात्र तशील को सचिव, दसवीं की छात्रा आर्या दत्ता को निर्देशक, कम्युनिटी सर्विस; दसवीं के छात्र पूर्णव सारस्वत को ट्रेजरार, नवीं के छात्र अथर्व कुमार को सार्जेंट ऑफ आर्म्स, नवीं की छात्रा अनन्या भिसे को निर्देशक, यूथ सर्विसेज; नवीं के छात्र पार्थ बिरला को निर्देशक, क्लब सर्विसेज; नवीं की छात्रा प्रांजल नेवर को निर्देशक, वोकेशनल सर्विसेज; आठवीं के छात्र मुकुंद पाटिल को निर्देशक, इंटरनेशनल सर्विसेज सहित कक्षा आठवीं के विद्यार्थियों भवी चौहान, आयुष्मान भट्ट, किशिता भारद्वाज, वान्या कक्कड़ को सदस्य मनोनीत किया गया। इन सभी सदस्य छात्रों को इंटरैक्ट क्लब द्वारा किए जाने वाले विभिन्न सामाजिक और जागरूकता कार्यक्रमों के बारे में समझाया गया और उन्हें उनकी जिम्मेदारी सौंपी गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्रीमती मीनाक्षी गुप्ता ने इंटरैक्ट क्लब के तहत किए जाने वाले अनेक सामाजिक कार्यों की जानकारी देते हुए क्लब के छात्रों का मार्गदर्शन किया और शुभकामनाएँ दीं।

रोटरी क्लब ग्रीन फरीदाबाद के प्रेसिडेंट विनय गोयल ने भी इंटरैक्ट क्लब के कार्यों की सराहना की और शुभकामनाएं दीं। अंत में एक आकर्षक लोकनृत्य भी प्रस्तुत किया गया। इस खास अवसर पर रोटरी क्लब ग्रीन फरीदाबाद के प्रवीन शर्मा, राजन हंस, प्रमोद मिनोचा, संजीव जौहरी, पवन गिरोत्रा सहित विद्यालय की प्रधानाचार्या कृष्णा मिश्रा और विद्यालय मैनेजर तेजप्रकाश पांडेय भी उपस्थित रहे और क्लब के गठन की बधाई देते हुए सभी सदस्यों को शुभकामनाएं दीं।

# पंजाबियों को विधानसभा टिकट दिलाने के लिए एकजुट हुए कांग्रेस के पंजाबी नेता

समाचार गेट/कविता



**फरीदाबाद।** जिले में पंजाबी बिरादरी ने कांग्रेस में दो विधानसभाओं से दवेदारी ठोकी है। उनका कहना है कि पंजाबी समाज के लोगों को बड़खल और एनआईटी फरीदाबाद से टिकट मिलनी चाहिए। अगर टिकट नहीं मिली, तो उस सूरत में भी वह बीजेपी का साथ नहीं देंगे। उनका मानना है कि कांग्रेस पार्टी ही पंजाबी बिरादरी का भला कर सकती है। उनके बुजुर्ग कह गए थे कि अपनी मां की और कांग्रेस पार्टी की पूरी तरह से संभाल करनी है।

**पंजाबी समाज पूरी तरह से एकजुट**

हालांकि अगर टिकट नहीं मिली, तब भी वे कांग्रेस को ही अपना समर्थन करेंगे। उनका दावा है कि पंजाबी बिरादरी पूरी तरह से एकजुट है और कांग्रेस के साथ खड़ी है। लेकिन उनको भी कांग्रेस को दरकिनार नहीं करना चाहिए और पंजाबी समाज के लोगों को टिकट देनी चाहिए। अगर टिकट नहीं देती है, तो कांग्रेस की सरकार आने पर अन्य पदों पर भी पंजाबी बिरादरी के लोगों को रखने का आग्रह कांग्रेस पार्टी से उनके द्वारा किया गया है।

बता दें कि कांग्रेस की टिकट को लेकर 12 आवेदनकर्ता थे, लेकिन प्रेस वार्ता में केवल 10 ही आवेदनकर्ता पंजाबी समाज से पहुंचे और मीडिया के माध्यम से अपने शीर्ष नेतृत्व तक अपने पंजाबी समाज का पक्ष पहुंचाना चाहते हैं।

**नेताओं का कथन:**

नेताओं का कहना था कि बड़कल और ओल्ड फरीदाबाद दो ऐसी विधानसभा हैं जहां पंजाबी समाज बहुतायत में है लेकिन इन दोनों सीटों पर पंजाबी समाज को टिकट वितरण में अनदेखी का सामना करना पड़ता है । दोनों विधानसभाओं से जुटे कांग्रेस के पंजाबी नेताओं और टिकटार्थियों ने एक जुटता का प्रदर्शन करते हुए कहा कि पार्टी किसी भी पंजाबी उम्मीदवार को कांग्रेस के सिंबल पर लड़ा दे हम सभी एक जुट होकर उसका साथ देंगे और उसे जीत दिला कर भेजेंगे। पंजाबी नेताओं का कहना था कि पिछले विधानसभा और लोकसभा चुनाव में भी पंजाबी समाज की अनदेखी की गई लेकिन इस बार 9 विधानसभा सीटों में से कम से कम दो सीटों पर पार्टी पंजाबी उम्मीदवार उतारे इसका फायदा पार्टी को सभी नौ विधानसभा सीटों पर होगा। दोनों विधानसभाओं के कार्यकर्ता ने एकजुट होकर अपनी बात रखते हुए कहा कि एक पंजाबी समुदाय के रूप में हम इन दोनों निर्वाचन क्षेत्रों में वोट प्रतिशत में प्रभुत्व रखते हैं और बहुमत रखते हैं।

**ये आए सामने:**

फरीदाबाद विधानसभा 89 क्षेत्र से संजीव सलूजा, बसंत विरमानी, राजेश आर्य, मदनलाल आजाद, आर.के. मल्होत्रा, राखी सेठी, कविश सलूजा, खुर्शदिल सहगल कपूर शामिल रहे। वहीं बड़खल विधानसभा 87 से भारत अशोक अरोड़ा और गुलशन बग्गा सामने आए।

# बाइक चुराने का आरोपी काबू

समाचार गेट ब्यूरो

**फरीदाबाद।** बाइक चुराने वाले आरोपी को अपराध शाखा एवीटीएस की टीम ने काबू कर मोटरसाइकिल को बरामद कर लिया है। इफान निवासी लक्कड़पुर ने 8 अगस्त को चोरी हुई अपनी मोटरसाइकिल के बारे में एक शिकायत थाना सेक्टर-8 में दी गई, जिस पर मामला दर्ज कर मोटरसाइकिल व आरोपी की तलाश की जा रही थी।

पुलिस उपायु अपराध के निर्देशानुसार मामलों में कार्यवाही करते हुए अपराध शाखा एवीटीएस की टीम ने आरोपी को सिकरोना नाका से मोटरसाइकिल सहित काबू किया है। पुलिस प्रवा ने बताया कि आरोपी रवि निवासी सुभाष कॉलोनी आदर्श नगर ने पूछताछ में बताया कि उसने मोटरसाइकिल को सेक्टर-9 फरीदाबाद से चोरी किया था, मजदूरी का काम करता है और नशा करने का आदी है, मोटरसाइकिल को बेचने की नियत से चोरी किया था। आरोपी को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेजा गया।

## हरियाणा में बीफ खाने के आरोप में मजदूर की पीट-पीट कर हत्या

चरखी दादरी । हरियाणा में विधानसभा चुनाव के बीच चरखी दादरी से बड़ी खबर है। यहां बीफ खाने के आरोप में एक प्रवासी की पीट पीट कर हत्या कर दी गई है। गौरक्षा दल के सदस्यों पर पिटाई करने का आरोप लगा है। पिटाई का एक वीडियो सामने आया है। मारपीट में जहां एक युवक की मौत हुई है, एक अन्य घायल है। फिलहाल, पुलिस ने 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इसके अलावा, दो नाबालिग को भी डिटेन किया है। जानकारी के अनुसार, 27 की घटना है, जिसकी जानकारी पुलिस को 28 अगस्त को मिली थी। पश्चिम बंगाल के दो युवक चरखी दादरी में कूड़ा बीनने का काम करते हैं। गौरक्षा दल के सदस्यों को शक था कि शब्बीर खान (23) ने अपने साथी के साथ बीफ पकाकर खाया। इस दौरान 27 अगस्त को भीड़ ने उन्हें घेरकर लाठी और डंडों से बुरे तरीके से मारा। इस दौरान पिटाई से शब्बीर की मौत हो गई, जबकि साथी घायल हो गया। पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर दो नाबालिगों को भी डिटेन किया, जबकि पांच अन्य को भी अरेस्ट किया है। हालांकि, पुलिस ने पुरे मामले पर चुप्पी साध ली है। मामले को लेकर एसपी पूजा वशिष्ठ ने भी घटना स्थल का निरीक्षण किया था, लेकिन मीडिया से बात नहीं की है। गिरफ्तार किए गए 4 आरोपी स्थानीय हैं। पुलिस को दी शिकायत में युवक ने बताया कि उसका जीजा और वहां कूड़ा बीनने का काम करते हैं और बीफ खाने के शक में उनके साथ मारपीट की गई। इससे उनके जीजा की मौत हो गई। उनकी बहन भी यहीं रहती है। बाद में आरोपियों ने मारपीट कर उन्हें खाली प्लाट में फेंक दिया था। घटना का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें कुछ लोग दोनों युवकों को बेरहमी से मोटे-मोटे डंडों से पिटते हुए नजर आ रहे हैं मौके पर 10-15 लोग जुटे हुए हैं। कुछ महिलाएं भी दिख रही हैं। वहीं, दो युवकों को बचाने के लिए किसी ने कोई कोशिश नहीं की।

## रोटी-सब्जी नहीं... अंडा और चाऊमिन की मांग कर रहा दरिंदा संजय

कोलकाता । कोलकाता में ट्रेनी डॉक्टर के साथ बलात्कार और फिर निर्मम हत्या के मामले में मुख्य आरोपी संजय रॉय वर्तमान में कोलकाता के सुधार गृह में बंद है। जेल में आरोपी रॉय को अन्य कैदियों की तरह ही रोटी-सब्जी दी गई, रोटी-सब्जी खाने से साफ इंकार किया। संजय रॉय ने जेल कर्मचारियों से कहा कि रोटी-सब्जी की बजाय अंडा और चाऊमिन चाहिए। दरिंदे संजय रॉय के व्यवहार को देखकर स्पष्ट होता है कि उसे अपने द्वारा किए गए जघन्य अपराध पर कोई शर्म नही है। वहीं ईएमएस न्यूज एजेंसी इस खबर की पुष्टि नहीं करता है। जेल के नियमों के अनुसार, किसी भी कैदी को वहीं खाना दिया जाता है जो सभी कैदियों के लिए निर्धारित होता है। विशेष मामलों में, कैदियों को घर से खाना मंगवाने की अनुमति होती है। रिपोर्टों के अनुसार, संजय रॉय ने रोज रोटी-सब्जी देने पर गुस्सा जताकर अंडा चाऊमिन की मांग की। हालांकि, जेल कर्मचारियों ने उसकी अंडा चाऊमिन की मांग को अस्वीकार कर कड़ी फटकार लगाई। इसके बाद, रॉय ने मजबूरी में रोटी-सब्जी खाई। सीबीआई की हिरासत से सुधार गृह में ट्रांसफर किए जाने के बाद संजय रॉय ने सोने के लिए अतिरिक्त समय मांगा था। इसके अतिरिक्त, रॉय को खुद से बात करते हुए भी देखा गया था। कुछ दिनों बाद, उसने अपनी सामान्य स्थिति में लौटने की कोशिश की। सीबीआई संदीप घोष से पूछताछ जारी रखे हुए है। सीबीआई ने आरजी कर मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्रिंसिपल घोष को लगातार 14वें दिन तलब किया। रिपोर्ट के अनुसार, अधिकारियों ने बताया कि संदीप घोष से एजेंसी पहले ही 140 घंटे से अधिक समय तक पूछताछ कर चुकी है। संदीप घोष को सुबह लगभग 10-45 बजे साल्ट लेक स्थित सीजीओ कॉम्प्लेक्स में देखा गया, जो कि एजेंसी का पूर्वी क्षेत्रीय मुख्यालय है।

## छोटे से विवाद में भाभी ने ननद का काट दिया प्राइवेट पार्ट, पुलिस कर रही जांच

नई दिल्ली, । अक्सर देखने और सुनने में आता है कि भाभी और ननद में बनती नहीं है दोनों ही एक दूसरे पर कभी काम को लेकर तो कभी किसी बात को लेकर अनबन होती रहती है लेकिन दिल्ली में भाभी और ननद में कुछ ऐसा हुआ कि जिसे सुनकर लोग हैरान रह गए। जानकारी के मुताबिक उत्तर पूर्वी दिल्ली में ननद और भाभी के बीच जमकर मारपीट हुई. भाभी पर ननद ने प्राइवेट पार्ट काटने का आरोप लगाया है। इसके अलावा पीड़िता का कहना है कि भाई ने भी उसके साथ मारपीट की है। दिल्ली पुलिस के मुताबिक 23 अगस्त की रात 8 बजे जेपीसी हॉस्पिटल से एक कॉल मिली थी। कॉल में बताया कि एक महिला अस्पताल में भर्ती आई है और उसके निजी अंग पर काटने का निशान है और महिला अपनी भाभी पर आरोप लगा रही है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। पीड़िता ने अपने बयान में पुलिस को बताया कि उसका अपनी भाभी से कपड़े धोने और सुखाने को लेकर झगड़ा हुआ। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक जब उनकी टीम आरोपी के घर पहुंची तो वहां ताला लगा था। घटना के बाद से भाभी शीरीन और भाई शोएब फरार हैं, पुलिस दोनों की तलाश कर रही है। फिलहाल पीड़िता का इलाज अस्पताल में चल रहा है।

## अब गोल्डी बराड़ ने दी मशहूर बिल्डर को धमकी, मांगे दो करोड़

**-दिल्ली के व्यापारियों और बिल्डरों में दहशत, पुलिस जांच में जुटी**

नई दिल्ली। साउथ वेस्ट दिल्ली के वीरा बिल्डर और डेवलपर के मालिक को एक धमकी भरी कॉल आई, जिसमें दो करोड़ रुपए की रंगदारी मांगी गई। कॉल करने वाला कोई और नहीं, बल्कि कनाडाई गैंगस्टर गोल्डी बराड़ था, जिसे भारत और कनाडा दोनों देशों की सुरक्षा एजेंसियां ने उसे वांटेड मानती हैं। धमकी भरे कॉल के बाद, बिल्डर को व्हाट्सएप पर एक ऑडियो फाइल भी भेजी गई। इस ऑडियो में गोल्डी बराड़ की आवाज साफ सुनाई दे रही थी। बिल्डर ने इस ऑडियो को तुरंत पुलिस को सौंप दिया है। पुलिस ने ऑडियो का वेरिफिकेशन किया, जिसमें यह साफ हो गया कि आवाज गोल्डी बराड़ की ही है। बिल्डर को दी गई धमकी को लेकर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अब इस मामले की हर एंगल से जांच कर रही है और यह तय करने में जुटी है कि बिल्डर और उनका परिवार सुरक्षित रहे। पुलिस के मुताबिक गोल्डी का इस तरह से सीधे दिल्ली के बिल्डरों को धमकाना और रंगदारी मांगना, उसके संगठित अपराध नेटवर्क के विस्तार का संकेत हो सकता है। इस घटना ने दिल्ली के व्यापारियों और बिल्डरों में दहशत का माहौल पैदा हो गया है। घटना से यह साफ हो गया है कि भारत और कनाडा में सक्रिय माफिया गोल्डी बराड़ का आतंक अभी भी कायम है।

## शेयर बाजार में मोटी कमाई का झांसा देकर बेचते थे नकली सॉफ्टवेयर

**-पुलिस ने कॉलसेंटर पर छापा मारकर किया पर्दाफाश, पांच आरोपी गिरफ्तार**

नोएडा। सॉफ्टवेयर वहीं शेयर सिलेक्ट करेगा जो आगे जाकर बढ़ेगा। शेयर बाजार से भारी भरकम कमाई का लालच देकर दो करोड़ रुपए की ठगी करने वाले चार युवक और एक महिला को नोएडा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से 33 लैपटॉप, 23 की-पैड फोन, 10 स्मार्ट फोन और फर्जी सर्टिफिकेट बरामद हुए हैं। पुलिस ने इनसे जुड़ी दो कॉल सेंटर का पर्दाफाश भी किया है। एक कंपनी के छह लोग फरार हैं। पुलिस इनकी गिरफ्तारी के लिए कई जगह दबिश दे रही है। पुलिस के मुताबिक सेक्टर 63 थाने में तेलगांना निवासी कामिनी वेनू ने सॉफ्टवेयर के नाम पर पांच लाख रुपए की ठगी की शिकायत दर्ज कराई। इस मामले में पुलिस ने टीम बनाई। जांच के बाद टीम सेक्टर 63 के एच-110 स्थित एक बिल्डिंग में चल रहे कॉल सेंटर में छापा मारा। यहां पर चार युवक और एक महिला को पकड़ा। इनकी पहचान अमर सिंह (झांसी), पुरुषोत्तम (झारखंड), दीपक और प्रमोद (बिहार) के रूप में हुई है। गिरफ्तार महिला दिल्ली की रहने वाली है। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उनके पास एक फर्जी सॉफ्टवेयर है। सोशल मीडिया पर इसका प्रचार करते हैं। लोगों को बताते हैं कि हमारा सॉफ्टवेयर शेयर बाजार का एनालिसिस कर वही शेयर सिलेक्ट करता है जो आगे जाकर अच्छा मुनाफा देता है। इस झांसे में आकर लोग सॉफ्टवेयर खरीदते हैं। पीड़ित जब जालसाजों से इस सॉफ्टवेयर के न चलने की शिकायत करते थे तो ठग उनसे कहते कि वह पुराने वर्जन का सॉफ्टवेयर था। हम आपको नए वर्जन का सॉफ्टवेयर देते हैं। इससे शेयर बाजार में मोटा मुनाफा होगा। पुलिस ने आरोपियों को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है।

## 'उपदेश देने से पहले अभ्यास करें', तेजस्वी यादव पर हिमंत बिस्वा सरमा का पलटवार, शहजाद पूनावाला का भी आया बयान



दिसपुर (एजेंसी)। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने शनिवार को राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी यादव की नमाज तोड़ने के नियम पर उनकी टिप्पणी के लिए आलोचना की और उन्हें उपदेश देने से पहले अभ्यास करने की सलाह दी। सरमा ने कहा कि तेजस्वी यादव मेरी आलोचना कर रहे हैं लेकिन मैं उनसे पूछना चाहता हूं...क्या बिहार में ऐसी कोई प्रथा है? आपको (यादव) जब बिहार के उपमुख्यमंत्री थे तो चार घंटे का ब्रेक लागू करना चाहिए था। उपदेश देने से पहले इसका अभ्यास करें।

यादव ने शुक्रवार को असम विधानसभा द्वारा दो घंटे की जुम्मा छुट्टी रद्द करने के बाद सरमा पर सस्ती लोकप्रियता चाहने का आरोप लगाया था। तेजस्वी यादव ने पटना में पत्रकारों से कहा कि असम के मुख्यमंत्री सस्ती लोकप्रियता के लिए ऐसा कर रहे हैं। कौन है ये? वह सिर्फ सस्ती लोकप्रियता चाहते हैं।% बीजेपी ने मुसलमानों को आसान निशाना बनाया है। तेजस्वी यादव ने कहा कि असम के मुख्यमंत्री सस्ती लोकप्रियता हासिल करने एवं -योगी का चाइनीज वर्जन- बनने के प्रयास में जानबूझकर मुसलमानों को परेशान करने वाले कृत्य करते रहते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोगों ने नफ़रत फैलाने, मोदी-शाह का ध्यान आकृष्ट करने एवं समाज में ध्रुवीकरण करने के लिए मुसलमान भाइयों को सॉफ्ट टारगेट बना लिया है।

उन्होंने कहा कि देश की आजादी में आरएसएस छोड़ सभी धर्मों के लोगों का हाथ है। हमारे मुसलमान भाइयों ने देश को आजादी दिलाने में कुर्बानियाँ दी है और हम लोग जब तक है तब तक कोई माई का लाल उनका बाल बांका नहीं कर सकता। बीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि तेजस्वी यादव ने कहा कि असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा 'चीनी संस्करण' है। सिर्फ इसलिए कि उनका जन्म असम में हुआ था। क्या सैम पित्रोदा की आत्मा तेजस्वी यादव में प्रवेश कर गई है?... संविधान का सम्मान न करना और हर व्यक्ति का अपमान करना ढूहहढू गठबंधन का चरित्र है। राहुल गांधी ने अपनी भारत जोड़ो यात्रा भाग 2 शुरू की थी पूर्वोत्तर से ही। उन्हें (राहुल गांधी) बताना चाहिए कि क्या यह भारत को एकजुट करने वाला बयान है?...इस पर राहुल गांधी और गौरव गोगोई को बताना चाहिए कि वे (कांग्रेस) राजद से कब नाता तोड़ेंगे?

## कंगना संसद में रहने के लायक नहीं : रॉबर्ट वाड्रा



हैदराबाद । कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा के पति रॉबर्ट वाड्रा ने शनिवार को भाजपा सांसद कंगना रनौत पर जमकर निशाना साधा है। दरअसल, वाड्रा ने कंगना के किसानों के विरोध में की गई टिप्पणी की आलोचना की है। कांग्रेस नेता सोनिया गांधी के दामाद वाड्रा ने कहा कि कंगना एक महिला हैं और मैं उनका सम्मान करता हू, लेकिन मुझे लगता है कि वे संसद में रहने के लायक नहीं हैं। वह पढ़ी-लिखी नहीं हैं। मुझे लगता है कि वे लोगों के बारे में नहीं सोचती हैं। कंगना केवल अपने बारे में सोचती हैं। उन्हें देश की महिलाओं के बारे में सोचना चाहिए। उन्होंने कहा कि मेरी अपील है कि पूरा देश एक साथ होकर महिला सुरक्षा के मुद्दे पर आगे बढ़े। वाड्रा ने महिलाओं की सुरक्षा को सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा बताकर कहा कि सभी राजनीतिक दलों को इस संबोधित करने के लिए साथ आना चाहिए। दरअसल कंगना ने एक साक्षात्कार में कहा था कि निरस्त कृषि कानूनों के खिलाफ किसानों के विरोध प्रदर्शन के दौरान भारत में बांग्लादेश जैसी स्थिति पैदा हो सकती थी, लेकिन देश के मजबूत नेतृत्व में ऐसा नहीं हुआ। इसके बाद उन्होंने आरोप लगाया कि किसानों के आंदोलन के दौरान लाशें लटक रही थीं और बलात्कार हो रहे थे।

## ममता ने केंद्र को लिखी चिट्ठी, हत्या और बलात्कार जैसे अपराधों पर सख्त कानून की मांग की



नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संबोधित अपने दूसरे पत्र में ममता बनर्जी ने बलात्कार और हत्या के मामलों को समयबद्ध तरीके से निपटाने के लिए अनिवार्य प्रावधान की मांग की थी। ये दोनों पत्र कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में एक जूनियर डॉक्टर के बलात्कार और हत्या की सीबीआई जांच के बीच आए हैं। इस पर केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के दूसरे पत्र का जवाब दिया है। इसमें बलात्कार और हत्या जैसे जघन्य अपराधों पर सख्त कानून और सजा की मांग की गई है।

केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने ममता बनर्जी को दिए अपने जवाब में कहा, पश्चिम बंगाल में फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट (एफटीएससी) और विशेष पॉक्सो कोर्ट की स्थिति के बारे में आपके पत्र में दी गई जानकारी के संबंध में मैं यह उल्लेख करना चाहूंगी कि कलकत्ता हाईकोर्ट से प्राप्त जानकारी के अनुसार, पश्चिम बंगाल ने 88 फास्ट ट्रैक कोर्ट (एफटीसी) स्थापित किए हैं। यह केंद्र सरकार की योजना के तहत आने वाले फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट (एफटीएससी) के समान नहीं हैं। उन्होंने आगे लिखा, पश्चिम बंगाल में बलात्कार और पॉक्सो के 48,600 मामले लंबित होने के बावजूद राज्य ने अतिरिक्त 11 एफटीएससी को चालू नहीं किया है। यह राज्य की आवश्यकता के अनुसार विशेष पॉक्सो न्यायालय या बलात्कार और पॉक्सो दोनों मामलों से निपटने वाले संयुक्त एफटीएससी हो सकते हैं। जैसा कि देखा जा सकता है इस संबंध में आपके पत्र में निहित जानकारी तथ्यात्मक रूप से गलत है और ऐसा लगता है कि यह राज्य द्वारा एफटीएससी को चालू करने में देरी पर पर्दा डालने की दिशा में एक कदम है।

पश्चिम बंगाल के भाजपा सह-प्रभारी अमित मालवीय ने भी बंगाल की मुख्यमंत्री पर महिलाओं और लड़कियों की सुरक्षा के लिए नियमों और कानूनों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त कदम नहीं उठाने पर सवाल उठाया है। कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में जूनियर डॉक्टर के बलात्कार और हत्या ने पूरे देश में आक्रोश पैदा कर दिया है। डॉक्टरों और चिकित्सा पेशे से जुड़े अन्य लोगों ने अपने कार्यस्थल पर सम्मान और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए मौलिक सुधारों की मांग की है। तृणमूल कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि भाजपा ने इस घटना का राजनीतिकरण किया है। हालांकि, भाजपा ने ममता बनर्जी की पार्टी पर आरोप लगाया है कि मेडिकल कॉलेज में भ्रष्टाचार व्याप्त है। कॉलेज के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष की जांच चल रही है। केंद्रीय जांच ब्यूरो ने मुख्य संदिग्ध संजय रॉय को भी गिरफ्तार कर लिया है, जिसे उस अस्पताल के सेमिनार कक्ष के बाहर सीसीटीवी में देखा गया था, जहां जूनियर डॉक्टर का शव मिला था। भाजपा ने ममता के पत्रों को लेकर उन्हें झूठी कहा था और सवाल किया था कि उन्होंने अपने राज्य में महिलाओं की सुरक्षा के लिए मौजूदा कड़े नियमों और कानूनों के कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए कुछ क्यों नहीं किया।

## जातिगत सर्वे को नौवीं अनुसूची में शामिल करने आरजेडी बिहार में करेगी प्रदर्शन

पटना (एजेंसी)। बिहार सरकार के जाति आधारित सर्वेक्षण के निष्कर्षों को संविधान की नौवीं अनुसूची में शामिल करने की मांग को लेकर राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) कल यानी रविवार को राज्यव्यापी विरोध प्रदर्शन करेगी। विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि वह पटना में विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व करेंगे और बिहार के सभी 38 जिलों में यह विरोध प्रदर्शन आयोजित किए जाएंगे।

तेजस्वी ने कहा कि यह मांग लंबे समय से चल रही है और उनकी पार्टी ने इस मांग को लेकर सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा भी खटखटाया था। उन्होंने कहा कि पार्टी सुनवाई के दिन सुप्रीम कोर्ट के सामने अपना पक्ष रखेगी। मांग पर चुप्पी के लिए बिहार के सीएम नीतीश कुमार पर तेजस्वी ने निशाना साधते हुए कहा कि केंद्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के बावजूद जेडीयू और नीतीश को इसकी कोई परवाह नहीं है।

बता दें कि हाल ही में ओबीसी कल्याण पर संसदीय समिति की बैठक हुई थी, जिसमें इंडिया गठबंधन के दलों और एनडीए सहयोगियों ने जातिगत जनगणना को लेकर अपनी मांगों को मजबूती से उठाया था। सूत्रों के मुताबिक इस बैठक में जेडीयू ने विशेष रूप से जातिगत जनगणना कराने की मांग की थी और ओबीसी के लिए क्रीमीलेयर की सीमा को मौजूदा सीमा से बढ़ाकर 20 लाख रुपए करने का प्रस्ताव रखा था। जेडीयूने कहा था कि वर्तमान में क्रीमीलेयर की सीमा ओबीसी वर्ग के लिए पर्याप्त नहीं है, और इसे बढ़ाने की जरुरत है ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग इसका लाभ उठा सकें।

बैठक में इंडिया गठबंधन के दलों ने जातिगत जनगणना की जरुरत पर जोर दिया। उन्होंने समिति के अध्यक्ष से अनुरोध किया था कि वे गृह मंत्रालय को एक सिफारिशी पत्र भेजें, जिसमें देश में जातिगत जनगणना कराने की मांग की जाए। बैठक में ओबीसी के लिए खाली पदों को भरने और आरक्षण लागू करने की भी मांग की गई। केंद्रीय विश्वविद्यालयों में ओबीसी की खाली सीटों को तत्काल भरने और अस्थायी में भी आरक्षण को लागू करने की मांग प्रमुखता से उठाई थी।

## दुष्कर्म को आम बात बताने वाले कपिल सिब्बल चौतरफा घिरे



नई दिल्ली (एजेंसी)। कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में ट्रेनी डॉक्टर के साथ हुई दुष्कर्म को लेकर पूरे देश में उबाल है। इस घटना पर सियासी बयानबाजी भी खूब हो रही है। कांग्रेस और भाजपा ने ममता सरकार को आड़े हाथों लिया है। इसी बीच सुप्रीम कोर्ट के दिग्गज वकील और राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल का मानना है कि कोलकाता में ट्रेनी डॉक्टर पीड़िता के साथ जो हुआ वो आम बात है। सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के उनके पूर्ववर्ती अध्यक्ष और ऑल इंडिया बार एसोसिएशन के वर्तमान अध्यक्ष डॉक्टर आदिश अग्रवाल ने सख्त एतराज जताते हुए सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के मौजूदा अध्यक्ष कपिल सिब्बल को पत्र लिखकर कहा है कि या तो वे इस रेजोल्यूशन को वापस लेते हुए माफी मांगे या फिर उनके खिलाफ सदस्यों द्वारा अविश्वास प्रस्ताव पेश किया जाए। वरिष्ठ वकील ने सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष भी हैं यहां पर उन्होंने कथित तौर पर एक प्रस्ताव जारी किया था, जिसमें उन्होंने कोलकाता में ट्रेनी डॉक्टर के साथ हुए भयावह दुष्कर्म और हत्या की घटना को लक्षणात्मक बीमारी हुए कहा है की ऐसी घटनाएं आम है।कपिल सिब्बल की इस बात पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ भड़क उठे। उन्होंने कहा कि धनखड़ ने एक कार्यक्रम में बिना किसी का नाम लिए कहा कि ऐसे रुख की निंदा करने के लिए मेरे पास शब्द नहीं हैं। कोई यह कैसे कह सकता है कि ऐसी घटनाएं आम हैं? कितनी शर्म की बात है! उन्होंने कहा कि यह इतने ऊंचे पद के साथ बहुत बड़ा अन्याय है। लेकिन मुझे खुशी है कि बार के सदस्य हमारी लड़कियों और महिलाओं के समर्थन में आए हैं। बता दें कि कोलकाता के आरजी कर अस्पताल में ट्रेनी डॉक्टर के साथ दुष्कर्म मामले को लेकर सर्वोच्च न्यायालय में सुनवाई चल रही है। बंगाल सरकार की ओर से कपिल सिब्बल केस लड़ रहे हैं।

## एक समय आएग जब... असम में नमाज ब्रेक को खत्म किए जाने पर भड़के फारूक अब्दुल्ला, कहा- सबका हो सम्मान



श्रीनगर (एजेंसी)। असम विधानसभा में नमाज ब्रेक खत्म करने को लेकर सियासत जबरदस्त तरीके से तेज हो गई है। कांग्रेस और इंडिया ब्लॉक के नेताओं की ओर से सवाल खड़े किए जा रहे हैं। हालांकि भाजपा हिमंत बिस्वा सरमा की सरकार द्वारा किए गए निर्णय के साथ खड़ी हुई दिखाई दे रही है। इन सब के बीच नेशनल कांफ्रेंस के नेता और जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला कई बयान सामने आया है। वह असम में हुए इस निर्णय से पूरी तरह नाराज हैं और सरकार से सभी धर्मों का सम्मान करने की अपील कर रहे हैं।

अब्दुल्ला ने कहा कि यह देश विविधता में एकता के लिए जाना जाता है। हमारे यहां हर धर्म और हर है, चाहे वह तमिलनाडु हो, कश्मीर हो, बंगाल हो या महाराष्ट्र, कोई भी राज्य, हर राज्य की एक अलग संस्कृति है और इसलिए भारत एक संघीय ढांचा है और हमें हर धर्म की रक्षा करनी है। उन्होंने आगे कहा कि जब समय आएगा, तो यह बदल जाएगा। कुछ भी स्थायी नहीं है। अच्छी चीजें फिर से प्रबल होंगी। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर के लोगों को भी हर धर्म के लोगों का सम्मान करना चाहिए और उनकी रक्षा करनी चाहिए। उन्होंने कहा, ''हमें हर धर्म के लोगों का ख्याल रखना होगा। जब उनके प्रति हमारा दृष्टिकोण अच्छा होगा, तो पूरे देश में अच्छा होगा।'' प्रतिबंधित संगठन जमात-ए-इस्लामी के बारे में नेकां उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला की टिप्पणी को पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती द्वारा ''अफसोसजनक'' बताए के बारे में पूछे जाने पर नेकां प्रमुख ने कहा एक-दूसरे पर उंगली उठाने से कुछ भी हासिल नहीं होगा। उमर ने हाल ही में कहा था कि प्रतिबंधित संगठन जमात-ए-इस्लामी (जेईआई) कभी चुनावों को 'हराम' मानता था, लेकिन अब उनके लिये यह 'हलाल' हो गया है। अब्दुल्ला ने कहा, ''मैं उनके बारे में कुछ नहीं कहूंगा। भगवान उन्हें आशीर्वाद दें। वह अपना रास्ता खुद चुनें, लेकिन देश की रक्षा के बारे में सोचें। एक-दूसरे पर उंगली उठाने से कुछ हासिल नहीं होगा। उन्हें इस रास्ते से दूर रहना चाहिए।''

## गिरिराज के जवाब नहीं देने पर आप कार्यकर्ता ने नारे लगाए, गिरफ्तार

बेगूसराय। बेगूसराय में केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह जनता दरबार करके निकल रहे थे, तभी आप कार्यकर्ता ने उनसे सवाल किए। इस पर गिरिराज ने कहा कि सभी सवालों के जवाब दिए जा चुके हैं। इस पर आप कार्यकर्ता नारेबाजी करने लगे, जिन्हें पहले रोका गया और बाद में मुक्का मारने की कोशिश का आरोप लगा गिरफ्तार कर लिया गया। दरअसल, बलिया प्रखंड में शनिवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया। इसमें केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह भी शामिल हुए। जब जनता दरबार खत्म कर गिरिराज जाने लगे तो लखमिनियां निवासी वार्ड पार्षद और आम आदमी पार्टी का कार्यकर्ता शहजादुज्जमा उर्फ सैफी ने उनसे कुछ सवाल किए। इस पर केन्द्रीय मंत्री गिरिराज बिना रुके आगे बढ़ गए और बोले सभी सवालों के जवाब दिए जा चुके हैं। इससे आप कार्यकर्ता असंतुष्ट हो नारेबाजी करने लगा। वहां मौजूद पुलिस कर्मियों ने उसे नारेबाजी करने से मना किया। तभी आपाधापी शुरु हो गई, सुरक्षाकर्मियों ने केंद्रीय मंत्री को सुरक्षा में लेते हुए ले गए। यहां आप कार्यकर्ता पर वहां मौजूद लोगों ने जम कर पीट दिया और फिर पुलिस उसे हिरासत में लेकर पूछताछ करने साथ ले गई।

## बीजेपी में अब शरद पवार लगाएंगे सेंध? फडणवीस के करीबी को लेकर क्यों तेज हुई चर्चा



नई दिल्ली (एजेंसी)। शिवाजी की प्रतिमा ढहने के मुद्दे ने महायुति सरकार की किरकिरी करा दी रखी है। जिसके लिए पीएम मोदी को सिर झुका कर माफी मांगने की नौबत तक आ गई। वहीं अब महाराष्ट्र की राजनीति में विधानसभा चुनाव से पहले सेंधमारी की कोशिशें परवान चढ़ती नजर आ रही है। देवेंद्र फडणवीस के खास बताए जाने वाले एक नेता की एमवीए के बड़े नेता संग मीटिंग की खबर सामने आई है। बीजेपी के युवा नेता और देवेंद्र फडणवीस के करीबी माने जाने वाले विवेक कोल्हे ने हाल ही में शरद पवार से मीटिंग की है। एक इवेंट के दौरान दोनों मिले थे। इसके बाद दोनों साथ ही साथ वहां से बाहर निकले। ऐसे में चर्चा तेज हो चली है कि क्या विवेक कोल्हे कोई नया ऑप्शन तलाश रहे हैं। लेकिन ऐसी नौबत आखिर क्यों आ गई?

दरअसल, कोपरगांव विधानसभा की सीट से वो चुनाव लड़ना चाह रहे थे। देवेंद्र फडणवीस के करीबी हैं तो वो पूरी कोशिश में हैं कि उन्हें यहां से टिकट मिले। लेकिन कई मीडिया रिपोर्ट में दावा किया जा रहा है कि वहां से अजित पवार की एनसीपी के आशुतोष काल्हे को टिकट मिल सकती है। कोपरगांव से कोल्हे परिवार और काल्हे परिवार दोनों की पैठ वहां रखते हैं। इसलिए माना जा रहा है कि आशुतोष को वहां से टिकट मिल सकता है। अजित पवार खुद वहां का दौरा भी कर चुके हैं। काल्हे पवार को लेकर गए थे और वहां के हालात के बारे में अवगत कराया था। जिसके बाद से ही कयास लगाए जाने लगे थे कि विधानसभा चुनाव में आशुतोष को टिकट मिल सकता है।

इन सब के बीच विवेक कोल्हे को लग रहा है कि इस सीट पर उन पर दांव न लगाया जाए। इसलिए वो शरद पवार के साथ नजर आ रहे हैं। विवेक कोल्हे सरकारी चीनी मिल के अध्यक्ष रह चुके हैं। पिछले विधानसभा चुनाव के दौरान उन पर रेड भी पड़ी थी। उसके बाद वो विधानसभा चुनाव में मौका चाह रहे हैं। ऐसे में काल्हे को इस सीट से महायुति की तरफ से उतारा जाता है तो क्या अभी से विवेक कोल्हे ने ऑप्शन तलाशना शुरू कर दिया है?



# करण जौहर की वेब सीरीज कॉल मी बे से अभिनय क्षेत्र में कदम रखेगी लिसा मिश्रा

बहु-प्रतिभाशाली गायिका और अब जल्द ही एक अभिनेत्री बनने वाली लिसा मिश्रा, धर्मा प्रोडक्शंस द्वारा उनकी शाखा धर्माटिक एंटरटेनमेंट के तहत निर्मित आगामी वेब सिरीज़ कॉल मी बे में अपने अभिनय करियर की शुरुआत करने के लिए तैयार हैं, जिसका प्रीमियर अमेज़ॅन प्राइम पर होगा। अपनी दमदार आवाज़ और भावपूर्ण प्रस्तुतियों के लिए जानी जाने वाली लिसा का अभिनय की दुनिया में आना एक लंबे समय से प्रतीक्षित यात्रा रही है। कॉल मी बे के साथ अभिनय में लिसा का प्रवेश उनके करियर में एक महत्वपूर्ण मोड़ है, जो संगीत उद्योग से परे उनकी बहुमुखी प्रतिभा को दर्शाता है। इस अवसर के लिए आभारी होकर, उन्होंने एक अभिनेत्री के रूप में उनकी क्षमता पर विश्वास करने के लिए धर्मा प्रोडक्शंस और उनके अटूट समर्थन के लिए अपने गुरुओं को हार्दिक धन्यवाद दिया।

अपनी कास्टिंग पर विचार करते हुए, लिसा ने साझा किया, जब मेरा ऑडिशन आया तो निर्देशन टीम के लिए यह आश्चर्य की बात थी क्योंकि वे मुझे पहले केवल एक गायिका के रूप में जानते थे। लेकिन अभिनय हमेशा से एक सपना रहा है, और इस कला पर मैं वर्षों से चुपचाप काम कर रही थी। यहां तक पहुंचने और इसे तोड़ने में मुझे बहुत समय लगा। बेशक गायन मेरा पहला प्यार है, लेकिन मैं अभिनय की इस लालसा को मिटाना चाहती थी काफी धैर्य के बाद आखिरकार यह समय आ गया है। उनके डेब्यू को लेकर उत्साह निश्चित रूप से देखने लायक है, क्योंकि लिसा ने हाल ही में सोशल मीडिया पर इस उपलब्धि के बारे में अपनी भावनाएं भी व्यक्त कीं। उन्होंने लिखा, मैं अपनी पहली सीरीज़ आप सभी को दिखाने के लिए और इंतजार नहीं कर सकती। कॉल मी बे एक सपना सच होने जैसा था, और इस तरह का कार्यक्रम पेश करना, वह भी धर्मा और अमेज़ॅन प्राइम के साथ लॉन्च करना, मेरे लिए भी वास्तव में अविश्वसनीय है। मैं 2018 से पंचमी घावरी के साथ ऑडिशन दे रही हूं, इस पल के इंतज़ार में वर्षों से अपनी भाषा कौशल और स्क्रीन उपस्थिति को निखार रही हूं। इस यात्रा ने मुझे सिखाया की सब्र रखो और डटे रहो-जो होना है वह रातोरात नहीं होगा। आशा है कि मैंने अपने गुरुओं को गौरवान्वित किया है और आप मेरे पहले अभिनय प्रदर्शन का आनंद लेंगे।



# द डायरी ऑफ वेस्ट बंगाल की तैयारी के लिए अर्शिन मेहता ने की कड़ी मेहनत

फिल्म द डायरी ऑफ वेस्ट बंगाल में मुख्य भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री अर्शिन मेहता ने सुहासिनी भट्टाचार्य की भूमिका के लिए की गई तैयारी के बारे में खुलकर बात की। अर्शिन इसमें बांग्लादेश की एक हिंदू ब्राह्मण लड़की का किरदार निभा रही हैं, जो अपने देश में हिंदुओं के खिलाफ हो रहे अत्याचारों को देखने के बाद भारत के पश्चिम बंगाल में शरण लेती है। अपने किरदार को लेकर अभिनेत्री ने कई व्यक्तिगत चुनौतियों का सामना किया।

बजरंगी भाईजान से अपने करियर की शुरुआत करने वाली अर्शिन ने इस बारे में बताया, मैं किरदार में रहना चाहती थी, इसलिए मैंने सुहासिनी की भूमिका को अपनाया, जो एक शरणार्थी है, जिसके पास विलासिता की चीजों की पहुंच नहीं है। मैंने कुर्सियों पर बैठने से परहेज किया और जमीन पर बैठना पसंद किया, किसी से ज्यादा बात न करके अपने किरदार की मानसिकता में रहना पसंद किया। सुहासिनी ने इतने सारे अनुभव किए थे कि वह हमेशा अपने दायरे में रहती थी, और मैंने भी उसी दायरे में रहने की कोशिश की। उन्होंने कहा, मैंने हमेशा अपने दायरे में रहना सुनिश्चित किया। मैं लगातार संगीत सुनती, किसी से बात करने से बचती और शूटिंग खत्म होने के बाद भी चुपचाप घर चली जाती और किरदार की मानसिकता में रहती। सुहासिनी के किरदार को ईमानदारी और प्रामाणिकता के साथ निभाने के लिए मेरे लिए उस दायरे में रहना महत्वपूर्ण था, ताकि लोग उससे सही मायने में जुड़ सकें। अर्शिन की भूमिका उनकी आवाज को बुलंद करती है क्योंकि वह मानवाधिकार परिषद, भारत सरकार और विभिन्न मंत्रालयों को इस तथ्य के प्रति सचेत करने का प्रयास करती है कि भारत में हिंदू भी सुरक्षित नहीं हैं।

उन्होंने कहा, वहां पहुंचने पर उन्हें यह जानकर झटका लगा कि बंगाल में हिंदुओं की स्थिति बांग्लादेश जितनी ही खराब है। यह अहसास उनके लिए बहुत बड़ा है, खासकर तब जब उन्हें हिंदू बहुल देश में सुरक्षित रहने की उम्मीद थी। मैं राजकपूर हो गया फेम अभिनेत्री ने आगे कहा, यह फिल्म सुहासिनी की यात्रा को दर्शाती है, जिसमें वह लव जिहाद का शिकार बनने के साथ कई बाधाओं से जूझती है। एक मुस्लिम व्यक्ति उसे शरण देता है, लेकिन यह नहीं बताता कि उसने उसकी जान बख्श दी है, जबकि उसके दोस्तों ने अन्य शरणार्थियों को मार डाला है। सुहासिनी की जीवन यात्रा और न्याय के लिए उसकी लड़ाई फिल्म के केंद्र में है।

अर्शिन ने खुलासा किया कि सुहासिनी ने जिस तरह का गहरा आघात सहा, उसके कारण उसका किरदार बेहद गंभीर था। अभिनेत्री ने आगे कहा, उसने अपने परिवार को मरते हुए देखा, जिससे वह गहरे सदमे में चली गई और सामान्य जीवन जीने में असमर्थ हो गई। पूरी फिल्म में कई गंभीर दृश्य थे और भूमिका के साथ न्याय करने के लिए मैं संगीत सुनती रही, जिससे मुझे किरदार में बने रहने और दृश्यों के लिए आवश्यक भावनाओं को बढ़ाने में मदद मिली। यह फिल्म 30 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।



# इंडस्ट्री में खेमेबाज़ी हो रही है, केवल खानदान के लोगों का साथ दिया जाता है

अभिनेत्री और बीजेपी सांसद कंगना रणौत अपनी नई फिल्म इमरजेंसी का जमकर प्रचार कर रही है। फिल्म के रिलीज होने में अब चंद ही दिन बचे हैं। ऐसे में इसके प्रमोशन के लिए वो लगातार साक्षात्कार दे रही हैं और अपनी फिल्म और अपने करियर के साथ-साथ फिल्म इंडस्ट्री पर भी अपनी बात रख रही है। हाल ही में, उन्होंने एक बार फिर से बॉलीवुड को निशाने पर लिया है। कंगना रणौत ने बॉलीवुड को निराशाजनक जगह बताते हुए कहा कि इस जगह का कुछ नही होने वाला है। उन्होंने कहा कि इंडस्ट्री के लोग प्रतिभाशाली लोगों से चिढ़ते हैं। उन्हें बदनाम करने के लिए अभियान चलाया जाता है। कंगना रणौत ने कहा कि इंडस्ट्री के कुछ अंदरूनी लोग प्रतिभाशाली लोगों के करियर को तबाह कर देते हैं। वे उनका खात्मा करने के लिए पीछे पड़ जाते हैं और टैलेंट से जलते हैं। कंगना ने यह भी कहा कि ऐसे लोग इस काम को गुपचुप तरीके से नहीं, बल्कि खुले अपने बारे में बात करते हुए कंगना ने कहा कि बहुत कम लोग ऐसे हैं, जिन्हें उनसे कोई दिक्कत है। उन्होंने कहा कि जो लोग उनके साथ जुड़े हैं, वे उन्हें प्यार करते हैं। कंगना ने कहा कि आज इंडस्ट्री में नई पीढ़ी के फिल्म निर्माता खेमेबाजी कर रहे हैं। पहले ऐसा नहीं हुआ करता था। उन्होंने के आसिफ, गुरु दत्त, बिमल रॉय और यश चोपड़ा का उदाहरण देते हुए कहा कि वे सभी विनम्रता से पेश आते थे और अलग ही किस्म के लोग थे, जबकि आज ऐसा नहीं है।

इमरजेंसी का निर्देशन कंगना रणौत ने किया है और वही इसमें मुख्य भूमिका भी निभा रही है। यह फिल्म आपातकाल की पृष्ठभूमि पर आधारित है, जिसमें कंगना रणौत पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के रोल में दिखेंगी। फिल्म में दिवंगत सतीश कौशिक, श्रेयस तलपड़े, मिलिंद सोमन, महिमा चौधरी और अनुपम खेर समेत कई कलाकारों ने अभिनय किया है। इसे 6 सितंबर, 2024 को रिलीज किया जाएगा।

# द लॉर्ड ऑफ द रिंग्स के प्रीक्वल का हिस्सा होंगे ऋतिक रोशन?

द लॉर्ड ऑफ द रिंग्स- द रिंग्स ऑफ पावर सीजन 2 को लेकर काफी चर्चा हो रही है। इसी बीच जिस बात ने प्रशंसकों को आश्चर्यचकित कर दिया वह है बॉलीवुड सुपरस्टार ऋतिक रोशन के इसमें शामिल होने की संभावना। जी हां, हाल ही में शोरनर जे. डी. पायने ने एक इंटरव्यू में बॉलीवुड अभिनेता ऋतिक रोशन के भविष्य के सीजन में कलाकारों की सूची में शामिल होने की संभावना का संकेत दिया। जे.डी के बयान ने प्रशंसकों के उत्साह को चरम पर पहुंचा दिया है।

पायने ने अभिनेता मेगन रिचर्ड्स और मार्केला कावेनघ के साथ सीरीज में ऋतिक रोशन की संभावित भागीदारी पर चर्चा की। पायने ने बताया, पिछली बार जब मैं मुंबई में था, तो हमारी मुलाकात ऋतिक रोशन से हुई थी। वह अद्भुत थे। अगर सही भूमिका मिलती है तो दरवाजे खुले रहेंगे, अवसर मौजूद हैं। इस बयान ने उन प्रशंसकों के बीच उत्साह बढ़ा दिया है जो ग्रीक गॉड को फैंटेसी सीरीज में देखने के लिए उत्सुक हैं।

जब द रिंग्स ऑफ पावर के आने वाले सीजन में अन्य भारतीय अभिनेताओं को शामिल करने के बारे में सवाल किया गया, तो पायने ने खुलासा किया कि शो में मेरिमैक की भूमिका निभाने वाले गैवी सिंह चेरा कलाकारों का हिस्सा हैं। उन्होंने कहा, हमने वास्तव में सीजन 2 में भारतीय अभिनेताओं को कास्ट किया...गैवी सिंह चेरा, वह बिल्कुल अद्भुत है।



# स्त्री 3 में विलेन की भूमिका में नजर आएंगे अक्षय कुमार?

स्त्री 2 बॉक्स ऑफिस पर सफलता के झंडे गाड़ रही है। यह पहली हॉरर कॉमेडी फिल्म है, जो इतनी शानदार कमाई कर रही है। अमर कौशिक की इस फिल्म को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग सिनेमाघरों का रुख कर रहे हैं। फिल्म में अक्षय कुमार के कैमियो की भी खूब चर्चा हुई थी। अब हाल ही में, अक्षय कुमार के कैमियो पर लेखक निरेन भट्ट ने कुछ दिलचस्प खुलासे किए हैं। इस फिल्म की सबसे खास बात यह है कि न सिर्फ मुख्य कलाकार ही सबका ध्यान अपनी ओर नहीं खींच रहे हैं, बल्कि कैमियो भी सभी को पसंद आ रहे हैं। स्त्री 2 में अभिनेता अक्षय कुमार के कैमियो ने काफी चर्चा बटोरी है। हाल ही में, एक इंटरव्यू में फिल्म के लेखक निरेन भट्ट ने अक्षय के किरदार पर आधारित एक स्टैंडअलोन फिल्म की संभावना पर चर्चा की है। अक्षय के किरदार के भविष्य के बारे में पूछे जाने पर और क्या स्त्री यूनिवर्स की भविष्य के सीक्वल में उन्हें और अधिक प्रमुखता से पेश करने की योजना है। इस सवाल पर लेखक निरेन भट्ट ने बताया, मैं ज्यादा कुछ नहीं बता पाऊंगा। लेकिन, निश्चिंत रहें, हमारे पास यूनिवर्स के हर किरदार के लिए योजनाएं हैं। यहां तक कि उनमें से सबसे छोटे और सबसे बड़े किरदार के लिए भी। उन्होंने सुझाव दिया कि भविष्य में अक्षय की भूमिका और भी महत्वपूर्ण भूमिका में बदल सकती है। बता दें कि स्त्री 2 ने 14 अगस्त की रात को रिलीज होते ही बॉक्स ऑफिस पर तूफान मचा दिया। इस हॉरर-कॉमेडी को बॉलीवुड में अक्षय कुमार की खेल खेल में और जॉन अब्राहम की वेदा जैसी रिलीजों से टक्कर लेनी पड़ी। अमर कौशिक द्वारा निर्देशित स्त्री 2 में श्रद्धा कपूर, अपारशक्ति खुराना, पंकज त्रिपाठी और अभिषेक बनर्जी भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं।





# आर माधवन ने ठुकराया पान मसाला कंपनी का ब्रांड अंबेसडर बनने का प्रस्ताव

साल की पहली हिट हॉरर फिल्म 'शैतान' में विलेन के रोल में नजर आए अभिनेता आर माधवन इन दिनों खुद को नित नई चुनौती देने वाले किरदारों की तलाश में हैं। माधवन इन दिनों लंदन में अपनी अगली फिल्म की शूटिंग में व्यस्त है। यह एक स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म है। इसके अलावा वह मशहूर इंजीनियर गोपालस्वामी दुरईस्वामी की बायोपिक में भी काम करने जा रहे हैं। इस बीच, आर माधवन ने एक बड़ी पान मसाला कंपनी का ब्रांड अंबेसडर बनने का प्रस्ताव ठुकरा दिया है। ये कंपनी उन्हें सिर्फ अपनी फोटो छापने देने के एवज में करोड़ों रुपये देने का प्रस्ताव दे चुकी है। पान मसाला कंपनियों ने इन दिनों देश के हिंदी, तमिल, तेलुगु और यहां तक के हॉलीवुड सितारों तक के लिए अपनी तिजोरियां खोल रखी हैं। पियर्स ब्रॉसनन वाला विज्ञापन तो लोगों को अब तक याद है। इसके अलावा अमिताभ बच्चन, रणवीर सिंह, अजय देवगन, अक्षय कुमार, शाहरुख खान और मनोज बाजपेयी तक सब किसी न किसी पान मसाले का विज्ञापन करते नजर आते ही रहते हैं। साउथ में महेश बाबू और युवा पीढ़ी के सितारों में टाइगर श्रॉफ तक पान मसाला विज्ञापनों में नजर आ चुके हैं। जानकारी के मुताबिक उत्तर प्रदेश की एक बड़ी पान मसाला कंपनी को इन दिनों एक ऐसे घरेलू चेहरे की तलाश है जो उनके मसाले की पहुंच युवाओं के बीच और बढ़ा सके।

सूत्र बताते हैं कि हिंदी सिनेमा के एक दो बड़े नामों की चर्चा के बाद संबंधित पान मसाला कंपनी को आर माधवन का प्रोफाइल और उनकी फैन फॉलोइंग काफी पसंद आई है। इस बारे में कंपनी ने ग्राउंड रिसर्च भी काफी की और पता चला कि माधवन पर दर्शकों का भरोसा और उनकी फिल्मों को लेकर बनी उनकी छवि का उनकी असल जिंदगी से सीधा तारतम्य बैठता है। ब्रांड की छवि के साथ माधवन की भरोसे की छवि के मैच होने का भी इस चुनाव को फायदा मिला। माधवन को पान मसाले के विज्ञापन का ये प्रस्ताव काफी उम्मीद से भेजा गया था और पान मसाला कंपनी को उम्मीद थी कि उनके प्रस्ताव को वह स्वीकार कर भी लेंगे। लेकिन, सूत्र बताते हैं कि माधवन ने करोड़ों का ये प्रस्ताव पहली बार में ही नकार दिया। माधवन इन दिनों फिल्म और टीवी प्रशिक्षण संस्थान, पुणे के अध्यक्ष भी हैं और शुरू से उन्होंने खुद को ऐसे विज्ञापनों से दूर ही रखा है जो युवाओं के सेहत पर बुरा असर डालते हैं। यहां दिलचस्प ये भी है कि युवाओं में अपनी फिटनेस के लिए काफी मशहूर रहे अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ दोनों पान मसाला का विज्ञापन करते है और दोनों की फिल्में लगातार फ्लॉप होती रही हैं। मनोज बाजपेयी ने भी लंबे समय तक एक पान मसाला का विज्ञापन किया और बड़े परदे पर बतौर हीरो उनकी पारी भी करीब करीब पूरी हो चुकी है। रणवीर सिंह का फिल्मी करियर भी पान मसाला का विज्ञापन करने के बाद से डांवाडोल ही चल रहा है। अमिताभ बच्चन, शाहरुख खान और अजय देवगन ही ऐसे सितारे हैं जिनके पान मसाला विज्ञापन करने के बाद भी उनकी सिनेमाई ब्रांड वैल्यू पर ज्यादा असर नहीं पड़ा है।

# कोहरा 2 का हुआ एलान, इस बार नए रहस्यों से पर्दा उठाएंगे बरुण सोबती

ओटीटी पर यूं तो बड़ी संख्या में वेब सीरीज मौजूद है, लेकिन कुछ ही ऐसे शोज है, जिन्होंने लोगों के मन में गहरी छाप छोड़ी है। नेटफ्लिक्स की कोहरा भी उन्हीं में एक है। इस शो को समीक्षकों के साथ आम लोगों ने भी खूब पसंद किया। अब इसका दूसरा सीजन भी जल्द ही दर्शकों देखने को मिल सकेगा। ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स ने इस क्राइम थ्रिलर सीरीज के दूसरे सीजन की घोषणा कर दी। अभिनेता बरुण सोबती इस सीजन में अपने किरदार को फिर से निभाते दिखेंगे। वहीं, मोना सिंह की भी अब शो में एंट्री हो गई है। इस शो का निर्देशन सुदीप शर्मा फैसला रहमान के साथ मिलकर करेंगे। इसका निर्माण एवट थ्री प्रोडक्शंस और फिल्म स्क्वाड प्रोडक्शंस की ओर से किया जाएगा। शो में लोगों को नए रहस्यों की नई खोजबीन देखने को मिलेगी।

